# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024



**Aakash**
Medical | IIT-JEE | Foundations

## श्रेष्ठ परिणाम हर बार, लगातार
## JEE (MAIN) 2024

Karnataka Topper — 1st, AIR 34, All India Female Topper — 100 PERCENTILE OVERALL — Sanvi Jain, 4 Yr. Classroom

Telangana Topper — AIR 15 — 100 PERCENTILE OVERALL — M. Sai Divya Teja Reddy, 2 Yr. Classroom

Telangana Topper — AIR 19 — 100 PERCENTILE OVERALL — Rishi Shekher Shukla, 2 Yr. Classroom

Punjab Topper — AIR 25 — 100 Percentile in Phy. & Maths — 100 PERCENTILE OVERALL — Rachit Aggarwal, 4 Yr. Classroom

AIR 65 — 100 Percentile in Phy. & Chem. — 99.99 PERCENTILE — Sri Ram A, 2 Yr. Classroom

AIR 72 — 100 Percentile in Phy. & Maths — 99.99 PERCENTILE — Krishna Sai Shishir Vuppala, 4 Yr. Classroom

AIR 81 — 100 Percentile in Physics — 99.99 PERCENTILE — Agrim Bhanot, 2 Yr. Classroom

सभी रैंक की जांच करने के लिए कोड को स्कैन करें और देखें कि हमारे टॉपर्स का क्या कहना है।

**13485#**
(12527 क्लासरूम + 958 डिस्टेंस व डिजिटल)
#Still Counting

आकाशियन्स क्वालिफाइड JEE (Adv.) 2024 के लिए

1293 — 99 व इससे अधिक पर्सेंटाइल

9 — टॉप 100 AIR में

52 — टॉप 500 AIR में

*1 out of 3 Aakashians gets a Top College

*As per count of total Aakashians appeared in JEE 2024

### हमारे क्लासरूम प्रोग्राम से टॉप परफॉरमर्स

| AIR | | Percentile | Name | Course |
|---|---|---|---|---|
| 104 | 100 Percentile in Maths | 99.99 | Rudra V Vuppuluri | 4 Yr. Classroom |
| 106 | 100 Percentile in Physics | 99.99 | Sagarika Sinha | 2 Yr. Classroom |
| 139 | 100 Percentile in Physics | 99.99 | Viswanath K S | 4 Yr. Classroom |
| 162 | 100 Percentile in Maths | 99.99 | Shreshtha Gupta | 4 Yr. Classroom |
| 171 | 100 Percentile in Chemistry | 99.99 | Naqsh Imam | 2 Yr. Classroom |
| 175 | | 99.99 | Priyanshu Kumar | 4 Yr. Classroom |
| 177 | 100 Percentile in Maths | 99.99 | Hardik Aggarwal | 2 Yr. Classroom |
| 223 | 100 Percentile in Maths | 99.99 | Ayush Pandey | 2 Yr. Classroom |
| 228 | 100 Percentile in Maths | 99.99 | Gorang Rathi | 2 Yr. Classroom |

and many more...

### छत्तीसगढ़ (क्लासरूम प्रोग्राम) से हमारे टॉप परफॉरमर्स

| AIR | Percentile | Name | Course |
|---|---|---|---|
| 756 | 99.96 | Shubham Nair | 4 Yr. Classroom |
| 1835 | 99.89 | Satyakam Mishra | 2 Yr. Classroom |
| 2101 | 99.87 | Arindam M | 1 Yr. Classroom |
| 2980 | 99.82 | Harshita Ishani | 2 Yr. Classroom |
| 3617 | 99.78 | Darshan Jain | 2 Yr. Classroom |
| 4150 | 99.74 | Shubham Anand | 2 Yr. Classroom |
| 4675 | 99.71 | Vishu Kurrey | 1 Yr. Classroom |
| 5357 | 99.67 | Laksh Gupta | 2 Yr. Classroom |
| 6075 | 99.62 | Tanishka Dembra | 2 Yr. Classroom |

and many more...

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

## प्रवेश प्रारम्भ

कक्षा 8वीं – 10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
School Boards / Olympiads / NTSE

कक्षा 10वीं से 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए
2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
JEE / NEET

कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए
1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज
JEE / NEET

आज ही प्रवेश लें!
बैचेस शुरू हो चुके हैं।

## रिपीटर / ड्रॉपर बैचेस
JEE / NEET 2025 (कक्षा 12वीं की परीक्षा दे चुके / उत्तीर्ण छात्रों के लिए)

## iACST
इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लें।

**90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें**

नि:शुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in पर जाएं या दिए गए कोड को स्कैन करें।
*नियम व शर्तें लागू

19 ब्रांचेज़ छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में

हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए अलग बैचेस।

**Call Your Nearest Branch:** **Bilaspur:** 8800732450, 9289714488 **Bhilai:** 7611110533 / 34, 7518020864 **Raipur:** 7611110511 / 15, 7518020846 **Bilhari:** 8800897783, 8448799028 **Ratlam:** 8800898646, 9289356958 **Rewa:** 8800745625, 8368041970 **Sagar:** 8800860649, 7869501923 **Ujjain:** 8800013119, 8448985465 **Gwalior (City Centre):** 8800013064, 9752539770 **Gwalior (DD Nagar):** 8800857552, 9289278420 **Gwalior (Vinay Nagar):** 8800950906, 9319285154 **Indore (Geeta Bhawan):** 8800013061, 9752592088 **Indore (Ranjeet Hanuman):** 8800013062, 9752592087 **Indore (Vijay Nagar):** 8800952602, 9319682642 **Bhopal (MP Nagar):** 8800013060, 9752539318 **Chhindwara:** 8800860153, 9289149594 **Katni:** 8800960357, 9289863567 **Mhow:** 8800810308, 9289375636 **Jabalpur (Madan Mahal):** 8800013063, 8448799058

नजदीकी ब्रांच की जानकारी के लिए कोड को स्कैन करें

CALL (TOLL-FREE): **1800-102-2727**

VISIT: **aakash.ac.in**

For Franchise Enquiry: Email ID: **franchise@aesl.in**

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations







# तीसरे चरण में असली रण, अब तक प्रचार में भाजपा भारी, कांग्रेस उतरेगी आक्रामक तरीके से


*लोकसभा चुनाव में अब तक प्रचार के मामले में भाजपा पूरी तरह से भारी पड़ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बीते एक माह से सांस-सांय सभाएं हो रही हैं। अब तक 50 से ज्यादा विधानसभाओं में सभाएं हो चुकी हैं, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की करीब डेढ़ दर्जन सभाएं हो चुकी हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की महज तीन ही सभाएं हुई हैं, लेकिन अब तीसरे चरण में कांग्रेस ने भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के साथ अब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी लगातार सभाएं होंगी। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की भी तीसरे चरण के लिए सभाओं का दौर प्रारंभ हो चुका है।*

**भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की डेढ़ दर्जन से ज्यादा हो चुकी हैं सभाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहे हैं। दो चरणों के चुनाव हो गए हैं। अब तीसरे चरण का चुनाव सात मई को होना है। अंतिम चरण के चुनाव में प्रचार 5 मई को थम जाएगा, इसके पहले भाजपा और कांग्रेस अपने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। सभाओं के मामले में अब तक भाजपा भारी पड़ी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के ज्यादा राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं हुईं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार, केंद्रीय मंत्री अमित शाह की तीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तीन, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव की एक सभा हो चुकी है। कांग्रेस के लिए राहुल गांधी की एक और प्रियंका गांधी की दो सभाएं हुई हैं।




## तीसरे चरण में इन नेताओं की सभाएं तय

तीसरे चरण के लिए सबसे पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह की दुर्ग लोकसभा के लिए बेमेतरा में एक दिन पहले सभा हो चुकी है। अब कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की 29 अप्रैल को बिलासपुर के सकरी में और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 30 अप्रैल को शिवरीनारायण में, केंद्रीय मंत्री अमित शाह की एक मई को कोरबा में सभा होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो सभाएं कोरबा और दुर्ग लोकसभा के साथ ही रायपुर में एक रोड शो प्रस्तावित है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की भी कुछ सभाओं की तैयारी है। भाजपा के और कई राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं की तैयारी है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की तीन सभाएं मांगी हैं। सरगुजा, रायगढ़ और कोरबा में सभा कराने का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इसी के साथ कांग्रेस के प्रदेश संगठन ने अब राजनांदगांव का चुनाव समाप्त होने के बाद भूपेश बघेल की भी सभी लोकसभाओं में सभाएं कराने की तैयारी की है।

## साय की सभाएं सांय-सांय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं ही सांय-सांय हो रही हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने उनकी हर विधानसभा में सभाएं कराने की रणनीति बनाई है। पहले चरण के चुनाव में बस्तर से प्रारंभ हुई श्री साय की सभाएं लगातार चल रही हैं।

दूसरे चरण की लोकसभाओं के साथ ही तीसरे चरण की लोकसभा के विधानसभाओं में लगातार सभाएं हो रही हैं। पांच मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले हर विधानसभा में उनकी सभाओं का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। एक दिन में श्री साय की दो से तीन सभाएं हो रही हैं।

## आमने/सामने

### छत्तीसगढ़ से कांग्रेस होगी पूरी तरह साफ : किरण देव



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, वामपंथियों की कठपुतली बन चुकी कांग्रेस छत्तीसगढ़ में साफ होने जा रही है। कांग्रेस के न प्रत्याशी प्रचार में दिखाई दे रहे हैं, न कोई स्टार प्रचारक आ रहे हैं। पिछले दिनों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की हुईं रैलियां भी पूरी तरह फ्लॉप रहीं। वादाखिलाफी, प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी, अनाचार, दुराचार, अन्याय, अत्याचार की जो कलंक-कथा कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के शासनकाल में लिखी गई है, उससे कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में अब भी जबर्दस्त आक्रोश है।

### छत्तीसगढ़ ही नहीं देश में भी बदलाव की बयार : दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में चारों सीटों पर कांग्रेस को जीत मिलेगी। इसी के साथ देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। दो चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया कि यह चुनाव, बदलाव का चुनाव है। दोनों ही चरणों में इंडिया गठबंधन 80 प्रतिशत सीटें जीत रहा है। हार की संभावना से भाजपा के नेताओं के बोल बदल गए है। प्रधानमंत्री, कांग्रेस के खिलाफ स्तरहीन बयानबाजी पर उतर आए हैं।

# केजरीवाल जेल से नहीं डाल सकते वोट, लेकिन खालिस्तान समर्थक अमृतपाल लड़ सकता है चुनाव

*देश में लोकसभा चुनावों के बीच एक दिलचस्प मामला सामने आ रहा है। रिपोर्ट है कि खालिस्तान समर्थक और फिलहाल असम की जेल में बंद अमृतपाल सिंह चुनाव लड़ने की तैयारी में है। दूसरी ओर, दिल्ली के मुख्यमंत्री और फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल मतदान नहीं कर पाएंगे। आइए जानते हैं आखिर ऐसा क्यों है कि जेल में रहते चुनाव लड़ा जा सकता है, लेकिन मतदान नहीं किया जा सकता है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमृतपाल अपने सहयोगी लवप्रीत सिंह की रिहाई के लिए समर्थकों के साथ बंदूकें और तलवारें लेकर अमृतसर के एक पुलिस स्टेशन में घुस गया था, जिसके बाद पुलिस को उसकी तलाश थी। करीब एक महीने की लुकाछिपी के बाद पिछले साल अप्रैल में अमृतपाल को मोगा जिले के रोडे गांव के एक गुरुद्वारा से गिरफ्तार किया गया था। बाद में अमृतपाल को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत डिब्रूगढ़ जेल में भेज दिया गया था।

### पहले भी कई ने जेल से लड़ा है चुनाव?

पहले ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब किसी ने जेल से चुनाव लड़ा। 1996 में मुख्तार अंसारी ने जेल में रहते हुए उत्तर प्रदेश की मऊ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीता भी। वे कई बार जेल में रहते हुए चुनाव जीत चुके हैं। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने चारा घोटाला मामले में जेल में रहते हुए 1998 का लोकसभा चुनाव लड़ा और मधेपुरा सीट से जीत हासिल की थी।



### केजरीवाल नहीं कर पाएंगे मतदान

दिल्ली में 25 मई को मतदान है और उससे पहले 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई होनी है। अगर केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली तो वे जेल में ही रहेंगे और मतदान नहीं कर पाएंगे। इसी तरह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी अगर कोर्ट से राहत नहीं मिलती है तो वे भी मतदान नहीं कर पाएंगे।

### जेल से मतदान को लेकर क्या है कानून?

भारत में जेल से मतदान करने का कोई प्रावधान नहीं है। यहां तक कि जो लोग दोषी नहीं ठहराए गए, वे भी जेल से वोट नहीं डाल सकते। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 62 (5) में कहा गया है कि कानूनी रूप से पुलिस हिरासत में या जेल में बंद कोई भी व्यक्ति किसी भी चुनाव में मतदान नहीं कर सकता है। जेल में बंद व्यक्ति की ओर से कोई दूसरा शख्स भी मतदान नहीं कर सकता है।

### जेल से कैसे चुनाव लड़ सकता है अमृतपाल?



मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, चूंकि अमृतपाल को अभी सजा नहीं हुई है, इसलिए वह चुनाव लड़ सकता है। यहां तक कि जिन लोगों को दोषी ठहराया गया है वे भी जेल की सजा समाप्त होने के 6 साल बाद चुनाव लड़ सकते हैं। अमृतपाल एक प्रतिनिधि की मदद से जेल से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। अगर वो जीत जाता है तो शपथ लेने के लिए जेल से रिहा किया जा सकता है।

### सबसे पहले जानिए अमृतपाल सिंह को लेकर क्या है रिपोर्ट?

रिपोर्ट के अनुसार, खालिस्तान समर्थक अलगाववादी और वारिस पंजाब दे का मुखिया अमृतपाल पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ेगा। अमृतपाल की मां बलविंदर कौर ने भी इस बात की पुष्टि की है। उनकी मां ने कहा कि अमृतपाल पंजाब के मुद्दों को अच्छी तरह से जानता है और ये चुनाव उन्हीं मुद्दों पर लड़ा जाएगा। इससे पहले अमृतपाल के वकील ने भी उसके चुनाव लड़ने की बात कही थी।

## अलका बोलीं- रावण ने सीता का हरण किया और मोदी ने गरीबों के हक का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होना है। इसको लेकर चुनावी माहौल धीरे-धीरे गर्माते जा रहा है। दूसरे चरण के मतदान होने के साथ-साथ अब कांग्रेस और बीजेपी के तमाम स्टार प्रचारक अब दुर्ग लोकसभा पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता अल्का लांबा ने भिलाई में आयोजित सभा में मोदी की तुलना रावण से की और कहा, रावण ने सीता हरण का हरण किया और मोदी ने किया गरीबों, मजदूरों के अधिकारों का हनन किया। लांबा ने कांग्रेस के प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। वहीं केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। अलका लांबा ने केंद्र की मोदी सरकार की तमाम योजनाओं को असफल बताते हुए कहा कि पीएम मोदी और भाजपा केवल एक ही रंग के लिए वोट मांगते हैं जबकि कांग्रेस तीन रंगों से बने तिरंगा के लिए वोट मांग रही है।

**प्रधानमंत्री लोगों को बरगला रहे**

*उन्होंने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर देश के प्रधानमंत्री लोगों को बरगला रहे हैं, कि हम मुसलमान को संपत्तियां दे देंगे। हम उन्हें बताना चाहते हैं कि 70 सालों तक कांग्रेस ने राज किया, इतने सालों में तो हमने मुसलमान को किसी की कोई संपत्तियां नहीं दी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीजेपी 400 सीट इसलिए मांग रही है क्योंकि आरएसएस और बीजेपी संविधान को बदलना चाहती है, क्योंकि उनकी सोच वन नेशन वन इलेक्शन है। पंचायत और नगर निगमन का चुनाव होता है वह एक साथ कैसे संभव है।*



**भगवान राम होते तो कहते, 10 साल अन्याय किया :** *महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने पीएम मोदी को रावण कहा है। भिलाई में शुक्रवार को आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अलका ने कहा कि पीएम मोदी राम का नाम लेकर रावण का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम खुद को राम भक्त कहते हैं, लेकिन भगवान राम भी होते तो कहते कि, 10 साल आपने अन्याय किया है।*

## 'कांग्रेस मुसलमानों को गोमांस खाने का हक देना चाहती है'- संभल में बोले सीएम योगी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में कांग्रेस ने अब तक का बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहती है। मतलब वे गोहत्या की इजाजत देने की बात कर रहे हैं। ये बेशर्म लोग गौमांस (गाय का मांस) खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं। क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा? आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' बोलने में झिझकते हैं, उन्हें उनका वोट नहीं मिलना चाहिए। संभल में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।



■ संभल में सीएम योगी आदित्यनाथ

**महिलाओं की संपति जब्त करेगी कांग्रेस :** *सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस 'स्त्रीधन' (महिलाओं की संपत्ति) को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है।*

### राहुल-प्रियंका पर भी साधा निशाना

यूपी के मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि भाई-बहन राहुल और प्रियंका भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने की योजना बना रहे हैं। जब उनकी सरकार थी, तो वे भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, लेकिन देवता सभी के हैं। यह उनके दोहरे मानकों का उदाहरण है।

## ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर में चढ़ते वक्त गिरीं



**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दुर्गापुर में हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान संतुलन बिगड़ जाने से हेलिकॉप्टर के भीतर ही गिर गईं जिससे उनके पैर में हल्की चोट आई। वह दुर्गापुर से आसनसोल जा रही थीं उन्हें वहां टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करना था। मिली जानकारी के मुताबिक ममता बनर्जी कुछ देर बाद दुर्गापुर से आसनसोल के रवाना हो गईं। टीएमसी सूत्रों ने बताया कि उनकी चोट बहुत गंभीर नहीं है।

### प्रियंका गांधी का बड़ा हमला

## भाजपा नेता करते हैं संविधान बदलने की बात

एजेंसी ▶▶| वलसाड



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुजरात के वलसाड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,'भाजपा के कई मंत्री, उम्मीदवार और नेता कह रहे हैं कि वो संविधान बदलना चाहते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मंच पर आकर कहते हैं कि ऐसी कोई बात नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा,'पीएम मोदी के 10 साल के शासन को देखिए, वो जो करने जा रहे हैं वो अपने एक दो नेताओं से ऐसा कुछ कहलाते हैं फिर खुद नकारते हैं और सत्ता आने के बाद वही करते हैं। संविधान बदलने का क्या मतलब है? ये लोकतंत्र को और भी दुर्बल बनाना चाहते हैं। देश की जनता को दुर्बल बनाना चाहते हैं।

## पीएम मोदी के दीवाने शख्स पर टिकी रहीं निगाहें



**मुंगेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुंगेर जनसभा में पीएम मोदी को सुनने के लिये हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी थी लेकिन, इस भीड़ में भी एक शख्स के अनूठे अंदाज पर हर किसी की नजर टिकी रही। यह शख्स रामभक्त हनुमान का रूप धारण किए हुए था। हाथ में गदा और सीने पर पीएम मोदी की तस्वीर भी थी। दरअसल, बिहार के बेगूसराय जिले के पनहास से चलकर श्रवण साह नामक शख्स हनुमान बनकर मुंगेर पहुंचा था। हैरानी की बात है कि उन्होंने 137 वीं बार पीएम मोदी की सभा में इसी ड्रेस में शिरकत की। इसका बस एक ही ख्वाब एक बार मोदी उनके गांव आकर उनसे व गांव वालों से मिलें।

### 'डिजिटल-युग' की ऐसी कैंपेनिंग, नेताओं ने अपनी छवि चमकाने एजेंसियों को सौंपी जिम्मेदारी

# रील्स और मीम्स से हो रहा प्रचार, 5 से 25 लाख का पैकेज ले रहे प्रत्याशी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश भर में हो रहे लोकसभा चुनाव के प्रचार में रील, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। अधिकांश राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी छवि चमकाने की जिम्मेदारी एजेंसियों को सौंप दी है। एजेंसी के कर्मचारी भावनात्मक गीतों वाले पोस्टर, रील बनाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि वे मतदाताओं के बीच वायरल हों। इसके लिए प्रत्याशी 5 लाख से 25 लाख रुपये तक का पैकेज ले रहे हैं। हालांकि, पिछले कुछ चुनावों के मुकाबले अभी तक पार्टी और प्रत्याशियों की तरफ से सोशल मीडिया पर होने वाले खर्चों को कम किया गया है।

एक समय था जब चुनाव प्रचार जनसंपर्क और बैनर-पोस्टर से चल जाता था, लेकिन समय के साथ हालात बदले तो प्रचार का तरीका भी बदल गया है। अब चुनावों में प्रचार के लिए रील्स, सोशल मीडिया और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल बढ़ गया है। राजनीतिक दलों के अधिकतर नेताओं ने छवि चमकाने का काम एजेंसियों को सौंप रखा है। क्षेत्र में नेताजी की छवि को बनाने का जिम्मा भी ऐसी ही एजेंसियों के पास है।

### 5 से लेकर 25 लाख तक के पैकेज

चुनावों के दौरान प्रत्याशियों की पब्लिसिटी और सोशल मीडिया कैम्पेन संभालने वाली एक कंपनी के अधिकारी के मुताबिक पहले पार्टी और प्रत्याशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कंटेंट की ज्यादा डिमांड करते थे। मगर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार छोटे-छोटे वीडियो और रील्स की डिमांड सबसे ज्यादा है। इसके लिए प्रत्याशी 5 लाख से 25 लाख रुपये तक का पैकेज ले रहे हैं।



### ट्रेंड करवाने वालों की भी डिमांड

वीडियो कंटेंट बनाने वाली कंपनियों के साथ वीडियो को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए वीडियो ट्रेंड करवाने वाली एजेंसियों की भी खूब डिमांड हैं। इसके लिए यू-ट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर्स का सहारा एजेंसियां लेती हैं। सभाओं के लाइव टेलिकास्ट, जनसंपर्क अभियान के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाते हैं। प्रत्याशी अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए पॉडकॉस्ट का भी सहारा ले रहे हैं।

### जैसी ज़रूरत, वैसी सर्विस

एक पब्लिसिटी एजेंसी के मुताबिक पार्टियों और प्रत्याशियों का फोकस वीडियो कंटेंट पर है। इसके लिए पब्लिसिटी एजेंसियों ने अलग-अलग श्रेणियों की एजेंसियों को इनपैनल्ड कर रखा है। प्रत्याशियों और पार्टियों की जरूरत के हिसाब से वीडियो कंटेंट क्रिएटर्स असाइन किए जाते हैं। एजेंसियों का कॉन्टेक्ट जिलों के उन सोशल मीडिया इनफ्यूएंसर्स से भी होता है, जिनके सोशल मीडिया पर अधिक फॉलोअर्स होते हैं।

### फॉलोवर्स बढ़ाने पर भी जोर

प्रत्याशियों के बीच सोशल मीडिया साइट्स पर फॉलोअर्स बढ़ाने वाले एजेंसियों की पूछ खूब बढ़ी है। इसके लिए देश के कई राज्यों के साथ-साथ दिल्ली और मुंबई की कई कंपनियां काम कर रही हैं। फॉलोअर्स बढ़ाने की डील प्रति हजार पर तय होती है।

### थर्ड पार्टी पेज का चलन खूब बढ़ा

चुनावों में थर्ड पार्टी पेज का चलन खूब बढ़ा है। इसका पहले इस्तेमाल मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में किया गया था। इसमें प्रत्याशी के द्वारा एक कॉमन नाम से पेज तैयार किया जाता है। साथ ही ऐसे पेज का इस्तेमाल प्रत्याशी बिना अपना नाम जाहिर किए प्रतिद्वंदी प्रत्याशी पर आरोप प्रत्यारोप लगाने के लिए भी करते हैं। छोटे-छोटे रील्स बनाने में भी एआई का इस्तेमाल खूब किया जा रहा है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024







- तेज गर्मी में बस के सफर से यात्री तरबतर, राजिम और धमतरी की बसों में सीट से अधिक भीड़
- सड़क में बसें हुईं कम इसलिए भीड़ अधिक, यात्री छत पर बैठने को मजबूर

इन तस्वीरों से समझिए आम आदमी की व्यथा...

## लोकल ट्रेन रद्द, शादी-चुनाव का सीजन

# ठूंस-ठूंसकर भरे जा रहे यात्री

*पटरियों के काम से 19 लोकल ट्रेनें रद्द चल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाली कई रूट की बसें शादी और चुनाव कार्य में चली गई हैं। जो चल रहीं, उसमें भीड़ इस कदर है कि अगर दो मिनट के लिए बस कहीं खड़ी हो जाए, तो यात्री पसीने से नहा जाते हैं। तेज गर्मी में राहत देने वाली हवा भी नसीब नहीं हो रही है। बसों के सफर में भारी उमस के बीच लंबे समय तक खड़े होने से यात्री अब बेहोश भी होने लगे हैं। बस के सफर में तकलीफ बड़ी हो रही है, लेकिन यात्रियों के पास दूसरा कोई विकल्प भी नहीं है।*

रायपुर- ललित राठोड़, बिलासपुर-कोमल सिंह, तखतपुर-टेकचंद कारड़ा, जगदलपुर-सुरेश रावल, दुर्ग- राहुल शर्मा, धमतरी-यशवंत साहू, गरियाबंद- गोरेलाल सिन्हा, महासमुंद-रत्नेश सोनी की विशेष रिपोर्ट

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि ने शनिवार को रायपुर से राजिम, धमतरी, कवर्धा और बलौदाबाजार-कसडोल, बिलासपुर समेत सराईपाली जाने वाली बसों में भारी भीड़ का जायजा लिया। ज्यादातर बसों में यात्री ओवरलोड मिले। 45 सीट की बसों में 90 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। सामान्य दिनों में इन रूट में सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक 12 बसों की सुविधा मिलती है, जो चुनाव और शादियों में बसों के चले जाने से अब इनकी संख्या कुछ रूट में 8 तो कहीं 9 हो चुकी है। पड़ताल में पाया कि लोकल ट्रेनों के रद्द होने से 30 फीसदी यात्री बस में बढ़े हैं। ओवरलोड बसों पर आरटीओ के शेष पेज 5 पर



गरियाबंद में एक मालवाहक, जिसमें करीब 70 लोग सवार थे। इनमें कुछ मासूम भी थे, जिन्हें सांस लेना मुश्किल हो रहा था।



## बिलासपुर में हालत बदतर

*लोकसभा चुनाव में मतदान दल के लिए 295 बसों की जरूरत है। ऐसे में 3 मई से सड़कों पर बसें नहीं दौड़ेंगी,कई रुट पर बसें बंद हो गई हैं। आगामी 7 मई को तीसरे चरण के मतदान होने हैं। इसके लिए आरटीओ ने बसों के अधिग्रहण का काम तेज कर दिया गया है। ऐसे में कई रुट पर एक ही बस के दौड़ने से यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। हालांकि अधिकारी कह रहे हैं कि ज्यादातर बसें चल रही है लेकिन हकीकत यह है कि दूसरे चरण के लिए भी बसों ली गई है जिसके चलते कई बसे अभी भी सड़कों पर नहीं दौड़ पाई है।* शेष पेज 5 पर

### किराया चालीस, ऑटो वाले मांग रहे 400

दुर्ग जिला

दुर्ग जिले में परिवहन विभाग द्वारा 550 बस और छोटे वाहनों का अधिग्रहण कर लिया है, वही वैवाहिक आयोजन के चलते ज्यादातर बसे बुकिंग में चल रही है। ऐसे में सडको में बसों का टोटा हो गया है। भीषण गर्मी से लोग तरबतर हो गए है। शनिवार को दुर्ग के नया बस स्टैंड में लोग भटकते नजर आए। यात्री राजनांदगांव, शेष पेज 5 पर

### पिकअप से कर रहे सफर

बस्तर सीट का चुनाव प्रथम चरण में 19 अप्रैल को संपन्न हो चुका है। इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम है। प्रायः सभी गांव में छोटे वाहन पिकअप, ट्रैक्टर आदि लोगों के पास होते हैं। जो इन दिनों शादी विवाह में ग्रामीणों के काम आ रहे हैं। शनिवार को लोहंडीगुड़ा से शादी परिवार के लोग पिकअप से रवाना हुए। ग्रामीण क्षेत्र में क्षमता से अधिक सवारी ट्रैक्टर और पिकअप में देखी जाती है। इसका कारण यह बताया गया कि छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं, युवक और बुजुर्ग भी गांव के किसी परिवार के यहां शेष पेज 5 पर

### बस की छत पर बैठने को मजबूर

रायपुर




हरिभूमि टीम जब बसस्टैंड पहुंची, तो देखा रायपुर से धमतरी जाने वाली बस जिसमें 45 यात्री बैठ सकते हैं, उसमें 30 से अधिक यात्री खड़े हुए थे। एक यात्री बस कंडक्टर से कह रहा था कि बस के भीतर जगह नहीं है, तो बस की छत पर बैठा दो शादी में शामिल होना जरूरी है। ऐसा ही हाल रायपुर से सराईपाली जाने वाली बस में भी देखने को मिला। बस में 50 की जगह लगभग 95 यात्री शामिल थे। यात्रियों से बस दब गई थी।

### रोडवेज बसों का संचालन लगभग ठप

गरियाबंद



गरियाबंद प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन न के बराबर होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाना मुश्किल हो गया। यात्रियों को घंटों भटकना पड़ा। रविवार को भी लोगों के परेशानी हो सकती है। लोकसभा चुनाव में रोडवेज की बसों व अन्य वाहनों का अधिग्रहण किया गया हैं। यात्रियों को बस न मिलने की समस्या पिछले तीन दिन से चल रही थी। शुक्रवार को यह समस्या अधिक बढ़ गई। चुनाव के कारण रोडवेज शेष पेज 5 पर

### नहीं चल सकीं अधिकांश बसें

महासमुंद




महासमुंद में मतदान दलों की वापसी शनिवार सुबह तक जारी रही। इसके चलते विभिन्न रूटों में चलने वाली बसें अधिग्रहण किए जाने के चलते या तो नहीं चली अथवा देर से संचालित हुई। दरअसल, दलों के पहुंचने का सिलसिला रात भर चला इसलिए चालक परिचालक भी देर रात तक व्यस्त रहे। शनिवार को दिन में गिनती की बसें होने के कारण शादी में आवाजाही कर रहे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना शेष पेज 5 पर

जगदलपुर



# कांग्रेस के घोषणा पत्र के 48 पेज हैं, कहीं पर भी हिंदू या मुस्लिम शब्द का उल्लेख तक नहीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। मैं कांग्रेस घोषणा पत्र का राष्ट्रीय संयोजक हूं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में 10 चेप्टर और 48 पेज हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र में न हिंदू, न मुस्लिम वर्ग का उल्लेख है। पूरे देश में भ्रम फैलाया जा रहा है। घोषणा पत्र आम लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह कहना है छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मोदी के पक्ष में वैसी लहर नहीं है जैसी 2014 और 2019 में थी। उन्होंने कहा, इस बार इंडिया गठबंधन ने 300 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस का योगदान भी करीब 100 सीट का रहेगा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। चुनावी संवाद में आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से हुई चर्चा के अंशः




टीएस सिंहदेव से चुनाव संवाद में विशेष चर्चा

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

***सवाल- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को बताने में में लगे हैं कि कांग्रेस की घोषणा पत्र यह मुस्लिम लीग की छाया में तैयार किया गया। आपकी मुलाकात उनसे कैसे हो गई?***

**जवाब-** मैंने तो मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र और उनकी एक लाइन नहीं पढ़ी। प्रधानमंत्री ने कहां पर इसका प्रभाव देखा यह उनकी निजी सोच है। पूरे घोषणा पत्र में न हिंदू का और न ही मुस्लिम शब्द का किया इस्तेमाल है। 48 पन्ने का घोषणा पत्र है पूरा तो नहीं पढ़े होंगे वे जिस बिंदू के बारे में कह रहे उसी को पढ़ लिए होते। प्रधानमंत्री ने चार नए वर्गों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि देश में मेरे लिए चार जातियां हैं। उन्होंने एससी-एसटी को ओबीसी मानिरीटी को खत्म कर दिया, इसीलिए बात आ रही है कि वे आरक्षण समाप्त करने वाले हैं। कांग्रेस ने जो लक्ष्य अपना बनाया उसमें पांच साल काम करने को मिलेगा उसका आधार क्या होना चाहिए। आधार जन होना चाहिए। जन कहां है, 80 प्रतिशत आबादी गैर अल्पसंख्यक है 8 प्रतिशत ट्राइबल है। 15 प्रतिशत एससी आबादी है। 50 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। शेष आबादी माइनारिटी की है। सेंसस के आधार पर हमने पूरे सिस्टम लिया। इसी के अंदर युवा, बेरोजगार सहित अन्य लोग इसी के अंदर आता है। घोषणा पत्र 10 चेप्टर में बंटा है। उस पूरा पढ़ लेते हैं। मुस्लिम और हिंदू शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

***सवाल -गलती कहां हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2006 में राष्ट्रीय परिषद में दिए गए बयान को बताया जा रहा है। पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, विशेष कर मुसलमानों का है।***

**जवाब-** गलती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है जहां वे कहते हैं कि यह धन घुसपैठियों देंगे और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले को दिया जाएगा। मैंने मनमोहन सिंह के बयान को पूरा पढ़ा नहीं। आउट ऑफ कंस्टेंट लिया गया है। यह धन पहले किसी या समुदाय का हो इससे सहमत नहीं हूं। देश नागरिक का पहला अधिकार है। हमारा शेष पेज 5 पर

एक बाराती की मौत, दो गंभीर

## बस की ट्रक से रगड़, एक का सिर कटा, दो के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायगढ़

पत्थलगांव के पास सुखरापारा में बाराती बस और ट्रक के आपस में रगड़ खाने से बस की




सीट पर बैठे बारातियों में से एक का सिर ही धड़ से अलग हो गया, वहीं एक महिला समेत दो लोगों के हाथ कट गए। घायलों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे की है, जब अवतार बस क्रमांक सीजी 13 एजे 2993 बारात लेकर बलरामपुर शेष पेज 5 पर

### अश्विन का दायां माधुरी का कटा बायां हाथ

बाराती अश्विन तिवारी पिता सुनील 18 निवासी सिविल लाइन धरमजयगढ़ का दायां हाथ और माधुरी यादव पिता जगत उम्र 17 का भी दायां हाथ कटकर अलग हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने सभी घायलों को इलाज के लिए पत्थलगांव सिविल अस्पताल भेजा।

## डबल इंजन की सरकार से सांय सांय होगा विकासः विष्णुदेव

कोरिया जिले के पटना पहुंचे सीएम साय, लोकसभा प्रत्याशी सरोज के पक्ष में ली चुनावी सभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना स्थित स्टेडियम में शनिवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लेकर कहा कि तीसरी बार उन्हें फिर चुनना है, जिससे कि मोदी की गारंटी के सभी काम डबल इंजन सरकार में सांय-सांय होंगे, वहीं कांग्रेस को वादा खिलाफी करने के साथ प्रदेश को अपराध एवं भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने वाला कहा। शेष पेज 5 पर




### कोरबा लोकसभा को विकसित करने की जरूरतः सरोज

कोरबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम 2047 के विकसित भारत के लिए विगत 10 वर्षो से लगातार मेहनत कर रहे हैं शेष पेज 5 पर

कांग्रेस नेता पूर्व जनपद सदस्य को मतदान के लिए जागरूक करने पर दी गई थी चेतावनी

## दस साल पहले बेटे को जलाकर मारा, अब पिता की नक्सलियों ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नकुलनार

दंतेवाड़ा जिला के अरनपुर थाना क्षेत्र के कुआकोंडा के ग्राम पोटाली (धुरवापारा) में कांग्रेसी नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोडियामी (62) की नक्सलियों ने बीती रात हत्या कर दी। जहां नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया, वहां से महज पोटाली सीएएफ कैंप की दूरी 500 मीटर है। जब नक्सली वारदात के लिए पहुंचे, तब जोगा घर पर सो रहे थे। सोते हुए ही नक्सलियों ने



जनपद सदस्य के ऊपर धारदार हथियार टंगिया, बंडा से हमला कर दिया। जिसके चलते मौके पर ही जोगा की मौत हो गई। बताया जा रहा है इस घटना को अंजाम देने 20 से 30 नक्सली पहुंचे थे। वर्तमान में जोगा की पत्नी कुआकोंडा जनपद में इस क्षेत्र से जनपद सदस्य है। इसके पहले नक्सलियों ने 10 वर्ष पूर्व इनके पुत्र हरिश पोडियामी (24) की हत्या मुखबिरी के शक में की थी। इस क्षेत्र में लंबी खामोशी के बाद नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया है। हत्या की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। गांव वालों का कहना है कि नक्सलियों ने हत्या की है, जबकि पुलिस का कहना है कि मौके पर किसी तरह का पर्चा नहीं मिला है। इसलिए नक्सली घटना के अलावा आपसी रंजिश का भी शेष पेज 5 पर

### निकम लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



**नई दिल्ली/मुंबई।** भाजपा ने शनिवार को मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन की जगह चर्चित वकील उज्ज्वल देवराव निकम को अपना उम्मीदवार बनाया। निकम मुंबई आतंकी हमले के मामले में सरकारी वकील थे। निकम 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों और 26/11 हमलों के बाद पकड़े गए आतंकवादी अजमल कसाब के मुकदमे जैसे कई महत्वपूर्ण मामलों में विशेष लोक अभियोजक रह चुके हैं।


27- APR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADAKI_Layout 1 4/27/2024 9:06 PM Page 1



**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आर्थिक न्याय फार्मूले और उनके सहयोगी सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स के विचार ने आम चुनाव के दौरान राजनीतिक तूफान ला दिया है। भाजपा को बैठे-बिठाए कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि उसकी सरकार आएगी तो जाति जनगणना होगी। उसके बाद आर्थिक सर्वे होगा। राहुल ने कहा कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की सम्मिलित आबादी करीब 90 फीसदी है, जिनकी देश की संपत्तियों में प्रॉपर हिस्सेदारी नहीं है। आजादी से पहले मुस्लिम लीग और आजादी के बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आनुपातिक हिस्सेदारी की मांग उठाई थी, जिसे उस वक्त कांग्रेस ने ठुकरा दिया था। राहुल के विचार में आंबेडकरवादी व साम्यवादी विमर्श का घालमेल है, जो संविधान की भावना के खिलाफ है। विरासत टैक्स की बात करें तो वर्ष 1953 में इस्टेट ड्यूटी की शुरूआत हुई थी, वर्ष 1985 में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने खत्म कर दिया था। वर्ष 1998 उपहार टैक्स व वर्ष 2015 में वेल्थ टैक्स समाप्त किया जा चुका है। आर्थिक सिद्धांत के मुताबिक संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत टैक्स जैसे आइडिया से आर्थिक असमानता दूर नहीं की जा सकती है, आर्थिक नीतियों के सुचारू संचालन से ही आर्थिक खाई पाटी जा सकती है। संपत्ति पुनर्वितरण व विरासत टैक्स के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को आक्रामक तरीके से घेरा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दोनों मुद्दों पर कांग्रेस ने एक बार फिर से सेल्फ गोल कर लिया है। इन मुद्दों के राजनीतिक असर का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# ‘विरासत’ कर के बवंडर का सच

> वर्तमान युग में अपनी क्षमता, प्रतिभा की बदौलत उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति पर किसी भी बंधन की स्वीकार्यता नहीं है। इससे समाज के विकसित होने की मानसिकता कमजोर होती है तथा यह पूरे देश की प्रगति को उल्टी दिशा में मोड़ना है। इसलिए संपत्ति पर कैप लगाना या उसके एक बड़े हिस्से का राष्ट्रीयकरण कर लोगों में बांटना या एक सीमा से ज्यादा संपत्ति पर जरूर से ज्यादा कर लगाकर उसकी आय को बांट देने की सोच का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। इससे भयावह अराजकता की स्थिति पैदा होगी जिसे संभालना कठिन होगा। चूंकि कि चुनाव के बीच यह मुद्दा आ गया है इसलिए देश के लोगों को तय करना है कि वह इसके साथ है या विरोध में।



**विश्लेषण**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> **संपत्तियों के सर्वे और वितरण संबंधी विवाद कांग्रेस की स्वयं की देन है। इसे लेकर उठे बवंडर के बीच विदेश में कांग्रेस पार्टी की इकाई ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर का बयान देकर इसे लोकसभा चुनाव के एक बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित कर दिया है। स्वाभाविक है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है कि वह लोगों के घरों में घुसकर संपत्तियों का सर्वे करेगी तथा समान वितरण के नाम पर अपने चाहत के अनुरूप समुदाय विशेष के बीच बांट देगी उस समय यह बयान बवंडर को और बढ़ने वाला ही साबित होना था। सैम पित्रोदा के बयान को व्यक्तिगत कह कर खारिज करना आसान नहीं है।**

कांग्रेस के रणनीतिकारों का जो भी मानना हो, लेकिन उसके विचार एवं व्यवहार इन दिनों लगातार आम व्यक्ति को हैरत में डालते हैं। अनेक गंभीर लोग बातचीत में प्रश्न करते हैं कि आखिर कांग्रेस को हो क्या गया है? संपत्तियों के सर्वे और वितरण संबंधी विवाद कांग्रेस की स्वयं की देन है। इसे लेकर उठे बवंडर के बीच विदेश में कांग्रेस पार्टी की इकाई ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने उत्तराधिकार कर का बयान देकर इसे लोकसभा चुनाव के एक बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित कर दिया है। स्वाभाविक है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समूची भाजपा कांग्रेस पर यह आरोप लगा रही है कि वह लोगों के घरों में घुसकर संपत्तियों का सर्वे करेगी तथा समान वितरण के नाम पर अपने चाहत के अनुरूप समुदाय विशेष के बीच बांट देगी उस समय यह बयान बवंडर को और बढ़ने वाला ही साबित होना था। सैम पित्रोदा के बयान को व्यक्तिगत कह कर खारिज करना आसान नहीं है। आखिर वह कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी हैं और सोनिया गांधी परिवार के निकटतम लोगों में माने जाते हैं। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समानांतर विदेशों में प्रोजेक्ट करने , जगह-जगह उनका भाषण और पत्रकार वार्ताएं करने की पूरी कमान उनके हाथों में होती है। वह कह रहे हैं कि जब हम सामान वितरण की बात करते हैं तो हमें अमेरिका जैसे इन्हेरिटेंस टैक्स यानी उत्तराधिकार कर पर भी विचार करना चाहिए। उनके अनुसार यहां कई राज्यों में पिता की मृत्यु के बाद संपत्ति की विरासत संभालने वाले को 55 प्रतिशत तक कर देकर उसके हिस्से शेष 45 प्रतिशत आता है। इससे स्वाभाविक ही यह शंका गहरी हुई कि कांग्रेस सत्ता में आने पर वाकई विरासत कर भी लगा सकती है।

## नहीं मिलता मुद्दा

अगर राहुल गांधी ने अपने भाषणों और वक्तव्यों में लगातार जाति जनगणना के साथ वित्तीय एवं आर्थिक सर्वे की बात नहीं करते तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा को इसे इतना बड़ा मुद्दा बनाने का अवसर नहीं मिलता। उनके भाषण और वक्तव्य सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें वह कह रहे हैं कि हम सत्ता में आने पर जाति जनगणना करेंगे और उसके बाद क्रांतिकारी कदम उठाएंगे, संपत्ति के समान वितरण के लिए वित्तीय सर्वेक्षण करा कर देखेंगे कि किसके पास किस वर्ग के पास कितनी संपत्ति है। इसके बाद जितना जिसका हक होगा उतना उसको दिया जाएगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र यानी न्याय पत्र जारी होने के पूर्व और बाद में भी वह इस पर बोलते रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि आप से मिलना चाहता हूं ताकि मैं आपको अपना घोषणा पत्र समझा सकूं। खड़गे सहित कांग्रेस पार्टी के अंदर कोई यह कहने को तैयार नहीं है कि हम वित्तीय और आर्थिक सर्वे नहीं करेंगे तथा समान वितरण की भी बात हमारे एजेंडे में नहीं है। इसकी बजाय कांग्रेस के नेता प्रवक्ता लगातार भारत में उद्योगपतियों, अरबपतियों को निशाना बनाते हुए इनमें से कुछ के हाथों धन सिमट जाने के वक्तव्य दे रहे हैं। अगर सर्वेक्षण होगा तो फिर सर्वेक्षणकर्मी लोगों के घर में जाएंगे। घर वाले चाहें न चाहें उनकी एक-एक चीज देखी जाएगी। इसके अलावा अगर सर्वेक्षण का कोई तरीका कांग्रेस के पास है तो उसे बताना चाहिए। मंगलसूत्र जैसे शब्द व्यंग्यात्मक शैली में होते हैं। इनका इतना ही अर्थ है कि महिलाओं के आभूषण तक भी सर्वे में जाने जाएंगे। संपत्ति के विवरण के वैधानिक प्रावधानों में आभूषणों आदि की पूरी सूची और उसके मूल्य बताने ही पड़ते हैं। चूंकि राहुल गांधी अपनी घोषणा पर कायम हैं और कांग्रेस इससे पीछे नहीं हट रही तो सैम पित्रोदा के उत्तराधिकार कर से देश में भय पैदा हो गया है। कुछ लोगों ने तो यह भी तलाश लिया कि पहले भी भारत ने विरासत कर था और स्वयं पित्रोदा कोई नई बात का नहीं कह रहे हैं। प्रकारांतर से यह स्वयं पित्रोदा के विचार का समर्थन करना ही है । निश्चित रूप से था और यह अंग्रेजों का बनाया हुआ कानून था जो व्यवहार में नहीं उतर पाया तथा सरकारी विभागों में इतने मुकदमे हुए, जिनके खर्च उससे प्राप्त से ज्यादा हो गया। हालांकि प्रधानमंत्री का आरोप है कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्रीत्व काल में उसे इसलिए हटाया गया, क्योंकि उन्हें बिना कर दिए अपनी मां की संपत्ति का उत्तराधिकार लेना था। सच है कि पारिवारिक संपत्ति में से संजय गांधी के परिवार को शायद ही कुछ प्राप्त हुआ हो। यह ऐसा मुद्दा रहा है जिसे आरंभिक दिनों में मेनका ने उठाया था।

बहरहाल, भले अर्थव्यवस्था, समाज और देश के बारे में समझ रखने वाले इसे उचित न मानें लेकिन कांग्रेस के अंदर भाव यही है कि राहुल गांधी की इन घोषणाओं का देश के आम लोगों पर बड़ा प्रभाव है और उन्हें लगता है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो देश के धनी और संपन्न लोगों की संपत्तियां लेकर हमारे बीच बांटा जाएगा। वह मानते हैं कि इससे उनका वोट काफी बढ़ेगा और सत्ता में भी आ सकते हैं।

## न्याय और गारंटी तर्कसंगत नहीं

पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस की नीति और व्यवहार में पुरानी शैली के वामपंथियों की तरह संपत्तिवानों, उद्योगपतियों आदि के विरुद्ध घृणा और गुस्सा साफ परिलक्षित होता रहा है। उनको निशाना बनाया जाता है। पांच न्याय और 25 गारंटी में कांग्रेस ने ऐसी-ऐसी बातें की है जिनको धरातल पर उतारना भारतीय अर्थव्यवस्था के बूते की बात नहीं है, लेकिन इस समय कांग्रेस के थिंक टैंक या सोनिया गांधी परिवार को सुझाव देने वाले मानते हैं कि कांग्रेस को पुराने वामपंथियों की तरह क्रांतिकारी तेवर धारण करना चाहिए तभी वह अपना खोया हुआ जनाधार वापस ला सकती है तथा भाजपा को हरा सकती है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है वह इसी सोच का विस्तार है। हमारी आपकी दृष्टि में अमेरिका एक पूंजीवादी देश है, लेकिन क्रांति हुए बिना वहां वामपंथियों की ताकत हमेशा सशक्त रही है। वहां ये सत्ता, प्रशासन, न्यायपालिका , मीडिया से लेकर पूरे थिंक टैंक पर हावी हैं। वहां के बड़े-बड़े पूंजीपति जिनमें जार्ज सोरोस जैसे लोग शामिल है, भी अपने प्रकट लक्ष्यों और घोषणाओं में आधुनिक वामपंथी ही है। उनकी दृष्टि की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में उनकी ही सोच की अर्थव्यवस्था, समाज के बीच संपत्ति का विभाजन, अल्पसंख्यकों के विशेषाधिकार आदि के लक्ष्य से भारत जैसे विकासशील देश में बदलाव के लिए अपने थिंक टैंक विकसित करते हैं और ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। उनका लक्ष्य ऐसे देश को सशक्त करना तो नहीं हो सकता।

विदेशों में उनके भाषण होते हैं, इसलिए यह मानने का कोई कारण नहीं है कि राहुल गांधी, कांग्रेस के दूसरे नेता या सैम पित्रोदा के साथ उनके संवाद नहीं होंगे। इस अतिवादी वाम सोच में ही अल्पसंख्यकों के लिए वैसे विशेष प्रावधानों की घोषणाएं हैं, जिन्हें देखकर भाजपा के लिए यह आरोप लगाना आसान हो गया है कि संपत्ति के सर्वे के पीछे राहुल गांधी और कांग्रेस का इरादा अल्पसंख्यकों के नाम पर मुसलमानों के बीच ही उसे वितरीत करना है। इस पर बहस हो सकती है तथा पहली दृष्टि में कहा जा सकता है कि भाजपा जानबूझकर कांग्रेस को मुस्लिमपरस्त साबित करने के लिए ऐसा कर रही है, किंतु कांग्रेस ने अभी तक इस बात का खंडन नहीं किया है कि उसकी मंशा मुसलमानों को विशेष तौर पर धन के वितरण में या आरक्षण आदि में शामिल करना नहीं है। यूपीए सरकार के दौरान आप देखेंगे कि केंद्र से राज्यों की कांग्रेस सरकारों ने मुसलमानों के लिए अनेक प्रावधान किए, अनेक संपत्तियां अलग-अलग इस्लामी संस्थाओं को दी गई और उनके लिए सरकार के नियम कानून तक बदले गए। बाद में दूसरी सरकारों ने उनमें से कई संपत्तियां वापस ली और इनमें न्यायालय का भी साथ मिला।

## अराजकता की आशंका

भारतीय सभ्यता संस्कृति की परंपरागत व्यवस्था में संपत्तियों के अधिक संग्रह का आदेश नहीं था। परिश्रम से अर्जित करने पर रोक नहीं था, लेकिन उसके स्वामित्व की सीमाएं रहीं हैं तथा अर्जित संपत्तियों को भी सहकारी जीवन की तरह मिल बांटकर खाने की व्यवस्था रही है। वर्तमान युग में अपनी क्षमता, प्रतिभा की बदौलत उत्तरोत्तर आर्थिक प्रगति पर किसी भी बंधन की स्वीकार्यता नहीं है। इससे समाज के विकसित होने की मानसिकता कमजोर होती है तथा यह पूरे देश की प्रगति को उल्टी दिशा में मोड़ना है। इसलिए संपत्ति पर कैप लगाना या उसके एक बड़े हिस्से का राष्ट्रीयकरण कर लोगों में बांटना या एक सीमा से ज्यादा संपत्ति पर जरूर से ज्यादा कर लगाकर उसकी आय को बांट देने की सोच का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। इससे भयावह अराजकता की स्थिति पैदा होगी जिसे संभालना कठिन होगा। चूंकि कि चुनाव के बीच यह मुद्दा आ गया है इसलिए देश के लोगों को तय करना है कि वह इसके साथ है या विरोध में।

# विपक्ष के मुद्दे सत्तापक्ष के आगे बेअसर



**मुद्दा**
प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

मौसम गर्म हो गया है। पारा चालीस डिग्री के पार चला गया है, लेकिन दो चरण के मतदान के बाद भी चुनावी गर्मी वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए। राजनीतिक दलों और नेताओं के भाषणों में तो हीटवेब दिख रही है, लेकिन जनता में जो उत्साह होना चाहिए और चुनाव के वक्त जैसा होता है वो इस बार नहीं दिख रहा है। फर्स्ट फेज में कम वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने, नेताओं ने और सामाजिक संगठनों ने मतदाताओं को पोलिंग बूथ्स तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करने की कोशिशें की, लेकिन दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत और गिर गया। ये लोकतन्त्र के लिए अच्छा नहीं है। मतदाताओं का वोट डालने न जाना राजनातिक दलों के लिए भी परेशानी का सबब है। हालांकि सार्वजनिक तौर पर सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों इसे अपने-अपने लिए फायदेमंद बता रहे हैं। लेकिन परेशान दोनों पक्ष हैं। फर्स्ट फेज की वोटिंग के बाद मुद्दे, भाषा और अंदाज एनडीए का भी बदला है और इंडिया अलायन्स का भी।

## पहले चरण के बाद मुद्दे बदले

वोटिंग का दौर शुरू होने से पहले विकास बड़ा मुद्दा था। दुनिया में भारत की बढ़ती ताकत, आतंकवाद, पाकिस्तान को सबक, आर्टिकिल 370 और राम मंदिर, ये बीजेपी के मुख्य मुद्दे थे। विपक्ष बेरोजगारी, मंहगाई, जांच एजेंसियों का राजनीतिक दुरूपयोग, विपक्ष की सत्ता वाले राज्यों के साथ भेदभाव, जातिगत जनगणना, भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी जैसे मुद्द उठा रहा था, लेकिन फर्स्ट फेज की वोटिंग के बाद अचानक बीजेपी ने गियर बदल दिया। अब सांप्रादियकता का मुद्दा, हिन्दू मुसलमान की बात सेंटर स्टेज में आ गई है। असल में कांग्रेस ने जो मैनिफेस्टो जारी किया है। उसमें आर्थिक समानता के लिए संपत्ति के सर्वे की बात कही गई है। जातिगत जनगणना का वादा है और उसके बाद आरक्षण की सीमा पर लगी पचास परशेंट की पाबंदी को हटाने की बात है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो में साफ साफ तो नहीं लेकिन घुमाफिरा कर ये संकेत दिया गया है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का भी इस मामले में ख्याल रखेगी। बस बीजेपी ने इसी बात को पकड़ लिया। इसे समुदाय विशेष के आरक्षण से जोड़ दिया। बांसवाड़ा की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ कहा कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति छीनकर अपने चहेतों को देना चाहती है। कांग्रेस दलित पिछड़े और आदिवासियों के हक का आरक्षण को छीनेगी और मुसलमानों को दे देगी। इसके बाद ये बड़ा मुद्दा बन गया। कांग्रेस और उसके साथी दल रक्षात्मक मुद्रा में आ गए। कांग्रेस के साथ असली दिक्कत ये है कि उसे मुस्लिम वोट भी चाहिए और हिन्दुओं के वोट के बगैर के उसका काम नहीं चलेगा, इसलिए कांग्रेस के नेता न ये कह सकते हैं कि वो मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे और न ये कह सकते हैं कि देंगे। इसी स्थिति का फायदा बीजेपी उठा रही है। पहले मोदी ने आन्ध्र प्रदेश में मुस्लिम रिजर्वेशन का हवाला दिया और फिर कर्नाटक का केस जनता के सामने रख दिया। कांग्रेस इस बात से इंकार नहीं कर सकती कि कर्नाटक में सभी मुस्लिम जातियों को आरक्षण मिल रहा है। हालांकि कर्नाटक में मुस्लिम जातियों को आरक्षण कांग्रेस के जमाने में नहीं



मिला। 1994 में ये फैसला हुआ था उस वक्त कर्नाटक में एचडी देवेगौड़ा की सरकार थी। देवेगौडा कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। जो अब बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस लोगों को ये बात नहीं समझा पा रही। क्योंकि इस वक्त तो कर्नाटक में कांग्रेस की ही सरकार है। कांग्रेस का तर्क ये है कि मुसलमानों को आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर मिल रहा है, लेकिन फिर सवाल ये है कि कुछ जातियों गरीबी और पिछड़ेपन का शिकार हो सकती है कि आरक्षण के दायरे में सारी जातियों को क्यों लाया गया। कांग्रेस का तर्क है कि तीस साल में 16 साल बीजेपी की सरकार रही। बीजेपी ने कर्नाटक में मुसलमानों का आरक्षण खत्म क्यों नहीं किया। हकीकत ये है कि बीजेपी ने बहुत ही चालाकी से 2023 के चुनाव से पहले मुसलमानों का आरक्षण खत्म करके वोकालिंगा और लिंगायत समाज को दो दो फीसदी आरक्षण दिया था। मुस्लिम जातियों के लिए नई कैटेगरी बना दी, लेकिन मामला कोर्ट में चला गया और सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। फिर कांग्रेस की सरकार आ गई और अब तक मुस्लिम्स को रिजर्वेशन मिल रहा है इसीलिए कांग्रेस इस मुद्दे पर घिर गई है। अब कॉमन सिविल कोड, सीएए, एनआरसी भी चुनाव के बड़े मुद्दे बन गए हैं। बीजेपी के नेता उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड लागू होने के हवाला देते हैं। देश भर में सीएए को सख्ती से लागू करने का दावा कर रहे हैं। हालांकि सीएए का हमारे देश के नागरिकों से कोई लेना देना नहीं है, ये कानून सिर्फ बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों से भागकर आए हिन्दू सिख बौद्ध जैन और पारसियों के लिए है, लेकिन विपक्ष इसे मुसलमानों के खिलाफ बताकर इसका विरोध कर रहा है।

## मुद्दों की काट

असल में बीजेपी ने बहुत ही कारगर रूप से विपक्ष के उन मुद्दों की काट खोजी है जिनसे बीजेपी को नुकसान की आशंका थी। कांग्रेस जातिगत जनगणना करवा कर भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी देने का दावा कर रही थी। मतलब दलित पिछड़े और आदिवासी वोट बैंक पर खतरा था। अखिलेश यादव भी यूपी में पीडीए को मुद्दा बना रहे थे। कांग्रेस ने आर्थिक सर्वे करवा कर संपत्ति के समान बंटवारे का वादा किया था। लेकिन बीजेपी ने इसे हिडेन एजेंडा बता दिया। कांग्रेस के आर्थिक सर्वे के वादे को मंगलसूत्र से जोड़ दिया। अब मनोमहन सिंह के बयान का वीडियो भी घुमाया जा रहा है जिसमें मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों, अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों का है। मोदी ने कांग्रेस के मैनिफेस्टो, राहुल गांधी के भाषण और मनमोहन सिंह के बयान को निकाल कर जो घुट्टी बनाई है। वो कांग्रेस के लिए गले की हड्डी बन गई है।

कुल मिलाकर चुनाव वोटिंग के शुरूआती चरण में ही सांप्रदायिकता पर आ गया। जो चुनाव विश्लेषक हैं, शुरूआत में वो कह रहे थे कि इन मुद्दों के सेंटर स्टेज पर आने से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। पोलराइजेशन होगा और दोनों तरफ से मतदाता बड़ी संख्या में पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगे, लेकिन सेकेन्ड फेज की वोटिंग में इसका उल्टा हुआ। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, बंगाल और कैरल जहां पोलराइजेशन का असर सबसे ज्यादा दिखना चाहिए था वहां मतदान प्रतिशत गिरा। इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मुस्लिम वोटर्स तो बड़ी संख्या में पोलिंग स्टेशन तक पहुंचा लेकिन बीजेपी का वोटर घर से नहीं निकला। दूसरा अंदाजा ये है कि देश में जिस तरह का माहौल है और दस साल की सरकार के बाद जब वोटिंग कम होती है तो इसका फायदा सत्ताधारी दल को होता है। हकीकत में क्या होगा ये तो चार जून को पता लगेगा, लेकिन अब तक कैंपेन में जो दिखा उससे इतना तय हो गया है कि हमारे देश में विकास की बातें कितनी भी हों, योजनाएं कितनी भी अच्छी हों लेकिन चुनाव हिन्दू-मुसलमान के इश्यू के बगैर नहीं होता।

# राहुल-पित्रोदा इंडी गठबंधन पर भारी पड़ेंगे



**असर**
मनोज कुमार अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस की तरफ से उछाले गए संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत टैक्स के विचार कांग्रेस के साथ-साथ इंडी गठबंधन को भी भारी पड़ सकते हैं। भाजपा ने जिस तरह से कांग्रेस को घेरा है, अगले पांच चरण के चुनाव में इसका असर अवश्य दिखाई देगा। कहते हैं कि इंसान में अनुभव से समझ विकसित हो जाती है, लेकिन कांग्रेस के नेता व कथित नेहरू गांधी परिवार के चश्मे चिराग राहुल गांधी पर यह बात लागू नहीं होती है। हालांकि इस बार उन्होंने होमवर्क करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन इसके बावजूद उनकी जुबान से निकल रहे बयान कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर ही भारी पड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के एक सलाहकार और मास्टर माइंड सैम पित्रोदा ने ऐसे समय में माता पिता से मिलने वाली संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की बात कहकर सारे खेल को ही बिगाड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको हाथों हाथ लिया है और प्रहार किया है है कि ‘कांग्रेस का मंत्र लूट है, जो जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। राहुल और उनके सलाहकार देश के मध्यम वर्ग पर और अधिक टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। माता-पिता से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी विरासत टैक्स लेने की कांग्रेस की योजना है। कांग्रेस का पंजा आपके बच्चों का अधिकार छीनने के लिए व्याकुल है’।

चुनावी माहौल देखकर ऐसा लगता है मानो विपक्षी दलों का कुनबा इंडी गठबंधन सत्ताधारी दल से मुकाबला करने में जूझ रहा है। मतदाताओं को लुभाने के लिए वे किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे। कांग्रेस ने तो गरीब महिला मतदाताओं को रिझाने के लिए 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर डाली है। आरक्षण की सीमा तोड़कर 50 प्रतिशत से आगे ले जाने, जाति आधारित जनगणना जैसे वादे भी कांग्रेस कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा ने हर बात को इस तरह पेश किया है कि कांग्रेस जो भी कह या कर रही है, वह देश के लिए अत्यंत खतरनाक है।

## बार-बार ऐसी गलतियां

वामपंथी सोच वाले सलाहकारों से घिरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी अति-उत्साह में कई बार ऐसी बातें बोल जाते हैं, जिनसे भाजपा को बड़ा मुद्दा मिल जाता है। एकाध बार हो जाए तो वह चूक या गलती मानी जा सकती है, किन्तु राहुल से बार-बार ऐसी गलतियां होती हैं, जिनका लाभ भाजपा उठाती है। अब चुनावी सभा में राहुल ने कह दिया कि सत्ता में आने पर अमीरों का धन लेकर गरीबों में बांट देंगे। 7 अप्रैल को हैदराबाद में राहुल ने कहा, 'हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उसके बाद, धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे।' अब भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है कि कांग्रेस पार्टी



की नजर आम आदमी की कमाई पर है, वह उसे छीनना चाहती है।

## विपक्ष पर हमला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ताला नगरी' अलीगढ़ में चुनावी जनसभा में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन (इंडिया) पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, ‘मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी)का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र है। वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं, उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक कह रही है कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन में लागू करना चाहते हैं।’ भाजपा ने यह भी कहना शुरू कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कहते थे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, अब कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनको बांटने की तैयारी कर रही है।

## सवाल यह भी है

कल्पना कीजिए कि यदि महिला वर्ग में यह धारणा घर कर गई कि कांग्रेस की नजर वास्तव में उनके गहनों पर है, तो क्या कोई महिला कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देगी? केवल महिलाएं ही क्यों, यदि उच्च मध्यम वर्ग एवं अभिजात्य वर्ग में भी यह विचार आ गया तो वे भी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। यह तो असल में अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी मारने जैसा हो गया। बची कसर उनके तकनीकी गुरु सैम पित्रोदा ने कर दी है, जो इन दिनों अमेरिका में हैं। उनके बयान भी पैतृक सम्पत्ति पर कर लगाने की बात कर रहे हैं। पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की फजीहत और बढ़ा दी है। एक और कांग्रेस अपने नेता के बयान पर सफाई देने में जुटी थी इस बीच पित्रोदा भी फूट पड़े और सारा रायता दोबारा बिखर गया है।

## शब्दों का चयन

राहुल को अपने शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करने की जरूरत है। उन्होंने धन के बंटवारे का जो शिगूफा छोड़ा है, वह न व्यावहारिक है और न ही उचित। यदि परिश्रम कर कमाने वालों का धन छीनकर निठल्लों को देने लगे तो देश में क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना मात्र डराने वाली है। ऐसी अराजकता पैदा करने वाली योजनाओं के बारे में सार्वजनिक दावे कोई भी राजनीतिक तौर पर परिपक्व नेता तो नहीं करेगा। रूस, वेनेजुएला की हालत लोग देख चुके हैं। अब भाजपा इसे मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस सफाई देती रह जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं, उनका मुकाबला कर पाना राहुल जैसे नौसिखिए और समय की नजाकत से बेख़बर उनके कांवेंट शिक्षित सलाहकारों के वश की बात नही है। ऐसे कमजोर रणनीतिक माहौल में उन क्षेत्रीय दलों का भी नुकसान हो सकता है, जो अपने बूते पर मतदाता के बीच वजूद रखते हैं, लेकिन अपने गठबंधन के नेता के ऐसे बयान उनके वोटर्स को भी भ्रमित कर सकते हैं ऐसे गठबंधन को कौन वोट देगा, जिसके नेता माता पिता की सौंपी विरासत पर टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस की सोच सही समय पर सामने आ गई है अब इंडी और कांग्रेस दोनों की लुटिया डूबनी तय है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आज की सबसे खूबसूरत तस्वीर...



## गायत्री मंदिर में धूमधाम से हुई शादी

रंजूला-आलोक का विवाह शनिवार को शहर के समता कालोनी स्थित गायत्री मंदिर परिसर में किया गया। शादी में संस्था की संचालक पद्मा शर्मा के साथ यहां पढ़ाने वाली सभी शिक्षक शेष पेज 5 पर

## मूकबधिर ऊपर से गरीबी, कैसे पालती

आलोक की मां कमला ने हरिभूमि को बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। इसमें आलोक और उसकी बेटी मूकबधिर है। आलोक सुन-बोल नहीं पाता और उसकी बेटी तुतलाने के साथ सुन शेष पेज 5 पर

खास खबर

### गरीबी ने 5 साल की उम्र में छुड़ाया घर

# मूकबधिर संस्था में की पढ़ाई अब थामा एक-दूसरे का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पांच साल की उम्र में घर से मूकबधिर संस्था में छोड़े गए दो मूकबधिर बच्चे पढ़-लिखकर साथ-साथ बड़े हुए। युवा अवस्था में पहुंचने के बाद उनके बीच की दोस्ती प्यार में बदल गई, जिसके बाद एक-दूसरे के साथ जिंदगीभर रहने की दोनों ने कस्में खाईं। उनके इस फैसले शेष पेज 5 पर



### मामले की जांच करने सीबीआई की टीम दिल्ली से नियमित विमान से रायपुर पहुंची

# बिरनपुर कांड में 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर, सीबीआई की छग में धमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार ने 26 अप्रैल को बिरनपुर मामले की सीबीआई जांच करने अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के दूसरे ही दिन शनिवार को सीबीआई की टीम रायपुर पहुंची। टीम में एएसपी, डीएसपी तथा टीआई स्तर के अफसर शामिल हैं। सीबीआई के अफसरों के मुताबिक जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है, उन लोगों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीबीआई के अफसर घटना की वजह जानने घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों के साथ प्रदर्शनकारियों तथा संदेहियों के बयान दर्ज करेंगे। इसके अलावा सीबीआई की टीम घटना को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से भी पूछताछ करेगी।

खास खबर

### बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप धारण किया

भुनेश्वर साहू की हत्या के बाद उग्र भीड़ ने पास की एक शेष पेज 5 पर

*बेमेतरा जिला के बिरनपुर में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में भुनेश्वर साहू की मौत के मामले में सीबीआई ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद अफराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।*

## अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन सीबीआई ने अपराध दर्ज किया

### विधायक पिता ईश्वर से मिली सीबीआई की टीम

**साजा।** बिरनपुर हत्याकांड की जांच अब सीबीआई की टीम कर रही है। मामले की पड़ताल करने शनिवार को सीबीआई की टीम साजा पहुंची। यहां सांप्रदायिक हिंसा की भेंट चढ़ने वाले मृतक भुवनेश्वर साहू के पिता और वर्तमान विधायक ईश्वर साहू से टीम ने मुलाकात कर चर्चा की। आने वाले दिनों में जांच में तेजी आएगी।

### इन 12 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

सीबीआई ने जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, उनमें नवाब खान, जलील खान, बसीर खान, मुख्तार मोहम्मद, सफीक मोहम्मद, अब्दुल खान, अकबर खान, मोहम्मद जनाब, अयूब खान, निजामुद्दीन, रशीद खान तथा कल्लू खान के नाम शामिल हैं।



अपने पुत्र की बरसी पर विधायक साहू ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया। जिसका शनिवार को समापन किया गया।

### भुनेश्वर साहू की बरसी के दिन जांच

भुनेश्वर साहू की शनिवार को बरसी थी, उसी दिन सीबीआई की टीम ने एफआईआर दर्ज कर मामले की



जांच शुरू की है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के समय चुनाव प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भुनेश्वर साहू की हत्या का जांच सीबीआई से कराने की घोषणा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की घोषणा की थी।

### यह है पूरा मामला

- 8 अप्रैल 2023 को स्कूली बच्चों द्वारा सायकल चलाने को लेकर विवाद हुआ
- इसके बाद इसी दिन कबाड़ी की दुकान के पास एक समुदाय के बच्चों ने दूसरे समुदाय के बच्चे पर कांच के टुकड़े फेंक कर हमला किया
- हमले में मृतक भुनेश्वर साहू के पड़ोस में रहने वाला एक स्कूली छात्र बुरी तरह से घायल हो गया।
- स्कूली छात्रों के बीच हुए विवाद के बाद मुखिया लोगों की आपस में बैठक हुई, इसके बाद सभी एक राय होकर कबाड़ी दुकान की ओर रवाना हुए। कबाड़ी दुकान जाने वालों में भुनेश्वर भी शामिल था
- भीड़ के कबाड़ी दुकान पहुंचने के पूर्व एक समुदाय ने अपनी छतों से लोगों पर पत्थर बरसाया। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच जमकर हाथापायी हुई। इसी दौरान हमलावरों ने भुनेश्वर साहू की पीट-पीटकर तथा चाकू से हमला कर हत्या कर दी।




### मणिपुर फिर जल रहा

## सीआरपीएफ कैंप पर उग्रवादियों का हमला, दो जवान शहीद

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर शुक्रवार देर रात उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की।



### सीएम बोले- व्यर्थ नहीं जाएगा बलिदान

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा, इस तरह की करतूत उन समर्पित सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कायरता को दर्शाती हैं जो राज्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए दिन-रात अथक परिश्रम करते हैं। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

## बर्थडे के दिन ही गई मासूम की जान तीन अन्य सदस्यों की भी हुई मौत

**जांजगीर-चांपा।** जन्मदिन के दिन ही एक बच्ची की सड़क हादसे में मौत हो गई। साथ ही परिवार के तीन अन्य सदस्यों की भी जान चली गई। भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल एक महिला ने बिलासपुर में दम तोड़ दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के बाद चक्का जाम कर दिया। वे मुआवजे की मांग को लेकर पूरे दिन सड़क पर डटे रहे। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के आरसमेटा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोनारगढ़ निवासी रामकुमार कश्यप उम्र 47 वर्ष एक



बाइक में अपनी पत्नी शतरूपा बाई उम्र 42 वर्ष, पुत्र चंद्र प्रकाश कश्यप उम्र 19 वर्ष और 3 साल की नातिन आशा के साथ अपने गांव कोनारगढ से शनिवार 27 अप्रैल को परसदा जा रहे थे। आशा का बर्थडे मानने के लिए सभी परसदा जा रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे वें अरसमेटा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार ठोकर मारी, जिससे बाइक में सवार सभी लोग सड़क के किनारे दूर दूर जा गिरे।



हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रविवार 28 अप्रैल 2024




हाल के सालों में देश-विदेश में डांस को फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए बहुत उपयोगी गतिविधि माना जाने लगा है। यह तथ्य तो सही है ही, लेकिन डांस हमारे भीतर सकारात्मकता और संवेदनशीलता का संचार करता है, सौंदर्यबोध बढ़ाता है। डांस से हम बेहतर इंसान बनते हैं और जीवन को आनंद के साथ जीने के लिए आत्मप्रेरित भी होते हैं।

स्पेशलः इंटरनेशनल डांस-डे, 29 अप्रैल

# जीवन की लय पर पैरों की थिरकन

कवर स्टोरी / संध्या सिंह

अमेरिकन कॉलेज ऑफ कॉर्डियोलॉजी, जो कि एक गैरलाभकारी चिकित्सा संस्था है, उसके मुताबिक डांस यानी नृत्य गंभीर हृदय रोगी को भी जीवनदान दे सकता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डांस सामान्य जीवन की कितनी सकारात्मक गतिविधि है। समाजशास्त्रियों से लेकर मनोचिकित्सकों तक और हृदय रोग विशेषज्ञों से लेकर सामान्य लोगों तक का मानना है कि डांस हमारे फिट रहने का सबसे आसान और सरस तरीका है।

## स्वास्थ्य के लिए संजीवनी

नृत्य अपने आप में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इसलिए इसका महत्व इस लिहाज से बहुत ज्यादा होता है। हालांकि नृत्य की अपनी एक सामाजिक दुनिया भी है और वह कम प्रभावशाली या कम महत्व की नहीं है। लेकिन ज्यादातर आम लोगों के लिए नृत्य के सर्वाधिक फायदे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से ही जुड़े होते हैं। आम लोगों के लिए नृत्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खजाने की तरह है। अमेरिकी हृदय स्वास्थ्य विशेषज्ञ, नृत्य को मांसपेशियों की ताकत, भावनात्मक सहन शक्ति और फिटनेस की अपार संभावनाओं वाला केंद्र मानते हैं। मेडिकल निष्कर्षों के मुताबिक डांस करने से 70 से 80 फीसदी तक हृदय बिना और कोई उपाय किए स्वस्थ रहता है। डांस करने से दो दर्जन लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां जैसे चिंता, डिप्रेशन, हाइपरटेंशन और एंजाइटी आपके पास नहीं फटकती हैं। रेग्युलर डांस करने वाले लोगों का शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य तो बेहतर होता ही है, उन्हें कभी ऑस्टियोपोरेसिस का खतरा नहीं रहता। इससे फेफड़ों का स्वास्थ्य बेहतर होता है और कभी वजन भी नहीं बढ़ता है।



## बढ़ती है संवेदनशीलता-सकारात्मकता

आज के दौर में नृत्य एक बड़ा कारोबार और कई रचनात्मक कलाओं का केंद्र भी बन गया है। जितने भी परफॉर्मिंग आर्ट हैं, डांस उन सबका सेंटर प्वाइंट है। लेकिन नृत्य के ये संदर्भ उन कुछ रचनात्मक लोगों से ही हैं, जो नृत्य के लिए समर्पित हैं और नृत्य की लय को जीवन की लय मानते हैं। डांस करने से आत्मविश्वास में सर्वाधिक बढ़ोत्तरी होती है। यह आपकी संज्ञानात्मक मेधा में वृद्धि करता है। डांस करने से शरीर में एक लयात्मकता आती है और भरपूर लचीलापन न सिर्फ शारीरिक अंगों मे बल्कि स्वभाव और संवेदना में भी दिखता है। डांस नए दोस्त बनाने में मददगार होता है और हमारे भीतर रचनात्मकता, आत्म अनुशासन और सहयोगात्मक रूप से काम करने की क्षमता विकसित करता है।

यह तो कहने की जरूरत ही नहीं है कि डांस हमारे भीतर सौंदर्यबोध को पैदा ही नहीं करता, उसमें वृद्धि भी करता है। इसीलिए माना जाता है कि एक डांसर की आंखें दुनिया का सृजन देखती हैं। अमेरिका में हुए एक शोध के मुताबिक प्रतिदिन एक घंटे डांस करने वाले लोग बहुत रेयरली किसी आपराधिक घटना में शामिल पाए जाते हैं। नियमित डांस करने वाले लोगों के दिल दिमाग में ऐसे हार्मोन पैदा ही नहीं होते, जो उन्हें किसी भी तरह की आक्रामकता या अपराध की तरफ उन्मुख करें। डांस में इस तरह की सकारात्मकता और संवेदना होती है, जो व्यक्ति को शांत और सौम्य बनाती है। हर डांस करने वाला व्यक्ति लगभग सभी रचनात्मक कलाओं में रुचि लेता है, क्योंकि डांस उसके मन की कंडीशन और 'स्टेट ऑफ माइंड' यानी मनःस्थिति को संवेदना से भर देता है।



## एक लय में हो जाते हैं तन-मन

डांस करने वाले के दिमाग में कार्टीसोल नामक हार्मोन का स्तर बेहद कम होता है और ऑक्सीटोसिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है यानी फीलगुड हार्मोन की मात्रा बढ़ती है। इसीलिए इंसान द्वारा की जाने वाली सबसे खूबसूरत और खुशहाली से भरी गतिविधि डांस को माना जाता है। कहते हैं, डांस जानने वालों को संगीत की जानकारी स्वतः ही हो जाती है, क्योंकि डांस करने वालों का शरीर ही नहीं, मन भी लय में रहता है और लय संगीत के साथ सहजता से आत्मसात हो जाता है। दुनिया में डांस के अलावा दूसरी ऐसी कोई सक्रिय गतिविधि नहीं है, जिसमें तन और मन एक लय में हो जाते हों। इसीलिए डांस सीखने से कई अन्य कलाओं से भी लगाव बढ़ने लगता है। कहने का सार यही है कि डांस केवल एक कला नहीं, केवल स्वास्थ्य सुधारने का जरिया नहीं बल्कि जीवन को आनंद के साथ जीने की एक अद्वितीय शैली भी है। *

### ऐसे हुई डांस-डे की शुरुआत

**डांस के** महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए हर साल 29 अप्रैल को इंटरनेशनल डांस-डे मनाया जाता है, क्योंकि यह तारीख आधुनिक बैले डांस के जनक जीन-जॉर्जेस नोवरे का जन्मदिन है। 1727 को नोवरे इसी दिन पैदा हुए थे। इसलिए साल 1982 से इस दिन को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर साल नृत्य दिवस की एक थीम होती है और उस थीम का एक सांकेतिक महत्व होता है। जैसे साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की थीम थी-नृत्य दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका। जबकि इस साल नृत्य दिवस की थीम है-थिएटर और शांति की संस्कृति यानी साल 2024 के नृत्य दिवस की थीम विश्व रंगमंच को समर्पित है।



फिटनेस / शिखर चंद जैन

# मस्ती वाला वर्कआउट डांसरसाइज

इन दिनों डांस के साथ एक्सरसाइज यानी डांसरसाइज का ट्रेंड बढ़ रहा है। इनके डिफरेंट टाइप्स के जरिए अनेक यंगस्टर्स मस्ती के साथ खुद को फिट रख रहे हैं। क्या है डांसरसाइज, आप भी जानिए।

गर्मी के दिनों में सूरज सुबह-सुबह ही तेज चमकने लगता है, इसलिए पसीने और गर्मी के डर से घर से बाहर जाकर वर्कआउट करने का मन अकसर नहीं करता है। लेकिन शरीर के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी है। ऐसे में आप घर में ही पंखा/कूलर चलाकर बोर हुए बिना फुल मस्ती के साथ डांसरसाइज कर सकते हैं।

**जाज डांसिंगः** सुडौल पैर, जांघें और कमर के लिए जाज डांसिंग आपके लिए परफेक्ट है। इसमें आपको लीप्स, किक्स और जंप्स लेने होते हैं, जिनसे पैरों और जांघों की अच्छी खासी एक्सरसाइज हो जाती है। इससे न सिर्फ लचीलापन और शरीर का संतुलन दुरुस्त होता है बल्कि पोश्चर भी सही हो जाता है। इस डांस में हाथों के मूवमेंट भी खूब होते हैं, जिससे बाहों और हाथों का भी अच्छा वर्कआउट हो जाता है।

**शिबामः** 45 मिनट सेशन का यह डांस आधारित वर्कआउट विदेशों में सुपरहिट हो चुका है। इसमें लैटिन और हिप-हॉप साउंडट्रेक पर सिंपल डांस स्टेप्स परफॉर्म करने होते हैं। शिबाम की एक क्लास में 600 से ज्यादा कैलोरी तो बर्न होती ही है, साथ ही स्ट्रेस से भी राहत मिलती है। किसी कुशल ट्रेनर की देखरेख में इसकी कुछ क्लासेज अटेंड करने के बाद आप खुद ट्रेंड हो जाएंगे। शिबाम में डांस मूव्स को एरोबिक वर्कआउट के साथ ब्लेंड किया गया है। संगीत के साथ जब शरीर थिरकता है, तो आपको दोहरा लाभ मिलता है तन और मन दोनों फिट होते हैं। इस वर्कआउट से स्टेमिना और कार्डियोवैस्कुलर फिटनेस बढ़ने के साथ-साथ ढेर सारी कैलोरी भी बर्न होती है। तीव्रता के साथ किए गए शिबाम से प्रति घंटे 800 कैलोरी तक बर्न कर सकते हैं।



जाज डांसिंग करते यंगस्टर्स

**जुंबाः** कोलंबियन फिटनेस एक्सपर्ट द्वारा डिजाइन किया गया यह वर्कआउट हमारे देश में भी खूब पॉपुलर हो रहा है। लैटिन म्यूजिक के साथ इसमें तरह-तरह के डांस फॉर्म्स का मिक्सचर है जैसे- सालसा, बेली डांसिंग, सोका, रिगेटन आदि। जुंबा कई प्रकार का होता है जैसे स्विमिंग पूल में एक्वा जुंबा किया जाता है। बच्चों के लिए जुंबा किड्स है और बुजुर्गों के लिए जुंबा गोल्ड है। तरह-तरह के डांस पर थिरकते हुए शरीर की अच्छी-खासी वर्जिश हो जाता है। दिलचस्प होने की वजह से इसे करने में मन भी लगा रहता है।



जुंबा डांसरसाइज करते यंगस्टर्स

**पाइलेट्सः** इसे मॉर्निंग वर्कआउट का हीरो कह सकते हैं। इसे एक जर्मन फिटनेस एक्सपर्ट ने शुरू किया था और 2005 के बाद से यह पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया। कमजोर घुटनों और पीठ दर्द के लिए यह एक शानदार वर्कआउट है, जिसे चटाई पर लेटकर म्यूजिक के साथ किया जाता है। इससे कमर के नीचे का हिस्सा मजबूत होता है और इससे फ्लैक्सिबिलिटी आती है।

**पाइलॉक्सिंगः** स्वीडन के डांसर विविका जेनसन, जो बाद में पाइलेट्स ट्रेनर बन गए, ने इसकी शुरुआत की। पाइलेट्स और बॉक्सिंग का फ्यूजन है पाइलॉक्सिंग। पाइलॉक्सिंग नंगे पैरों से वजनदार ग्लव्स पहन कर की जाने वाली डांस एक्सरसाइज है। महिलाओं के लिए यह खासतौर पर फायदेमंद है, क्योंकि इससे उनकी फिटनेस और कॉन्फिडेंस दोनों बढ़ते हैं।

**बॉलीवुड डांसिंगः** एक्सरसाइज करने का मन नहीं है और मूड ऑफ है, तो बस बॉलीवुड के मस्ती भरे जोशीले गाने चला लें और उन पर थिरकना शुरू कर दें। आप फील ही नहीं कर पाएंगे कि फुल मस्ती में नाचते-नाचते आपकी पूरी बॉडी में मूवमेंट्स हो रहे हैं और अनजाने में ही घंटे भर का वर्कआउट हो गया। डांस से बॉडी में लचीलापन भी आता है।

**मसाला भांगड़ाः** आपके दिल के लिए यह जबर्दस्त कार्डियो एक्टिविटी है। यंगस्टर्स के लिए यह एक शानदार और मस्ती भरा वर्कआउट प्लान है। इसमें पॉप और भांगड़ा डांस का फ्यूजन है। इसमें ढोल की बीट पर फास्ट मूवमेंट्स किए जाते हैं। यह एक इंटेंस डांस वर्कआउट है। *

ट्रेडिशन / अंजू जैन

भले ही आज देश-विदेश में नृत्य की अनेक शैलियां विकसित हो चुकी हैं। लेकिन अपने देश में नृत्य परंपरा बहुरंगी, भव्य और अत्यंत प्राचीन रही है। यहां के शास्त्रीय और लोकनृत्यों की छटा देखते ही बनती है।

# प्राचीन-बहुरंगी-भव्य भारतीय नृत्य परंपरा

हमारे देश में नृत्य और संगीत का न सिर्फ धर्म और अध्यात्म से गहरा नाता रहा है, पौराणिक काल से इसकी परंपरा भी बरकरार है। प्राचीन ग्रंथों में से एक 'सामवेद' को संगीत का सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है। भरत मुनि का 'नाट्य शास्त्र' नृत्यकला का सर्वप्रथम और प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। इंद्र की सभा में मेनका आदि अप्सराओं द्वारा नृत्य किए जाने का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा सभ्यता में नृत्य करती हुई युवतियों की मूर्ति पाई गई है, जिससे साबित होता है कि उस काल में ही नृत्यकला का विकास हो चुका था। खजुराहो के मंदिर हों या कोणार्क के मंदिर, प्राचीन काल में निर्मित इन मंदिरों की दीवारों पर गंधर्वों की मूर्तियां अंकित हैं। उन मूर्तियों में लगभग सभी तरह के वाद्य यंत्रों और नृत्य भंगिमाओं को दर्शाया गया है। भगवान शिव के नृत्यरत नटराज स्वरूप के बारे में हम जानते ही हैं। उनका तांडव नृत्य भी सब जानते हैं। इसी तरह श्रीकृष्ण की रासलीला में भी नृत्य और संगीत का वर्णन मिलता है।

**नृत्य का जनक है हमारा देशः** हमारे देश के प्राचीन शास्त्रीय नृत्य दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। हमारे देश में नृत्य की परंपरा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। भारत की नृत्य शैलियां दुनिया भर में लोकप्रिय हैं। दुनिया की कई नृत्य शैलियां तो हमारी प्राचीन नृत्यकला से ही प्रभावित हैं। नाट्यशास्त्र के अनुसार भारत में कई तरह की शास्त्रीय नृत्य शैलियां अलग-अलग राज्यों में विकसित हुई हैं जैसे- भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, कथक, कथकली, यक्षगान, कृष्णअट्टम, मणिपुरी और मोहिनीअट्टम।



भरतनाट्यम



डांडिया



कुचिपुड़ी

**भरतनाट्यमः** यह नृत्य भारत के अति प्राचीन नृत्यों में शुमार है। इसका उल्लेख भरत मुनि के नाट्य शास्त्र में भी मिलता है। मूलतः तमिलनाडु के भरतनाट्यम नृत्य में भाव, राग और ताल का संगम होता है। इस नृत्य में चेहरे के हाव-भाव, हाथ, पैर की गतिविधियां और मुद्राओं द्वारा भावनाओं को अभिव्यक्त किया जाता है।

**कथकः** कथक का शाब्दिक अर्थ कथा होता है। प्राचीन काल में कथा यानी कहानी सुनाने वाले लोगों को कथक कहा जाता था। शुरुआत में यह नृत्य उत्तर भारत में ब्राह्मणों द्वारा मंदिरों में किया जाता था। यह नृत्य बालकृष्ण की लीलाओं, दंतकथा और अन्य पौराणिक कथाओं पर किया जाता है। इस नृत्य कला में चेहरे के हाव-भाव और मुद्राओं को विशेष महत्व दिया जाता है। इस नृत्य में मुकुट के साथ-साथ चेहरे के श्रृंगार के लिए विविध रंगों का भी प्रयोग किया जाता है। रामायण तथा महाभारत की कथा पर भी यह नाट्य नृत्य किया जाता है।

**कुचिपुड़ीः** कुचिपुड़ी आंध्रप्रदेश के कृष्णा जिले में एक गांव का नाम है। इसी गांव में कुचीपुड़ी नृत्य का जन्म हुआ। शुरुआत में यह नृत्य केवल पुरुष ब्राह्मणों द्वारा ही भगवान को समर्पित किया जाता था और पुरुष ब्राह्मण ही महिला का रूप लेकर नृत्य करते थे। समय बदला तो महिलाएं भी कुचीपुड़ी नृत्य में हिस्सा लेने लगीं। इस नृत्य में शारीरिक संतुलन का कौशल प्रदर्शित किया जाता है। पानी से भरा हुआ घड़ा लेकर तथा पीतल की थाली की किनारी पर भी यह नृत्य किया जाता है।

**मणिपुरीः** यह नृत्यकला अन्य शास्त्रीय नृत्य कलाओं से भिन्न है। मणिपुरी नृत्य कला में पोशाक भी अन्य नृत्यकलाओं से भिन्न होती है। इसमें शरीर धीमी गति से थिरकता है। इसमें तांडव और रास्य दोनों का समावेश किया जाता है।

**ओड़ीसीः** कोणार्क के सूर्यमंदिर तथा भुवनेश्वर की प्राचीन गुफा की दीवारों में इस नृत्य के चित्र मिलते हैं। इस नृत्य की मुख्य मुद्रा त्रिभंग है जिसमें सिर, शरीर और पैर तीन हिस्सों में बांटकर नृत्य अभिव्यक्त किया जाता है। इस नृत्य में भगवान विष्णु के अवतार जगन्नाथ, शिव और सूर्य की कथाएं नृत्य नाटिका से मंचित की जाती हैं।

**लोकनृत्य की छटाः** हमारे देश में तीज-त्योहारों या शादी-विवाह जैसे खुशी के मौकों पर भी नृत्य संगीत का आयोजन खूब किया जाता है। विभिन्न संस्कृतियों में अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार घूमर, गिंदड़, चरकुला, गेर, चंग, डांडिया, रम्मत, ढोल और पणिहारी जैसे लोक नृत्यों का खूब आनंद उठाया जाता है। लोग तरह-तरह के स्वांग लेकर नाचते-झूमते हैं और जश्न मनाते हैं। जनजातियों की जीवनशैली का हिस्सा इन लोक नृत्यों की भी छटा देखते ही बनती है। चिकित्सक इन्हें स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक मानते हैं। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ संगीतमय लयबद्ध थिरकन से मानसिक अवसाद से भी राहत मिलती है। *

गजल
डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## जागो फैसले की घड़ी है



सभी को सियासत में अपनी पड़ी है
मुसीबत जहां थी वहीं पे खड़ी है
किए जा रहे हैं फकत घोषणाएं
अभी पास सबके तिलिस्मी छड़ी है
अगर चाहते हो चमन में महकना
तो जागो जरा फैसले की घड़ी है
तुम्हारे मतों पर है कायम सिंहासन
सभी की नजर अब तुम्हीं पे गड़ी है
बहुत काम बाकी है अब भी वतन में
प्रशासन है ढीला व्यवस्था सड़ी है
न जाने कहां जोश हमको ले जाए
अभी दास्तां हसरतों से बड़ी है
उसे भूख से प्यास से क्या गिला हो
जो हीरे जवाहर कनक से जड़ी है
दिखा देंगे इकदिन तुम्हें अपना जौहर
हमारी नजर में भी पुख्ता कड़ी है
यहां से वहां तक हैं 'नवरंग' कांटें
बढ़े पांव जब भी विवशता अड़ी है

लघुकथाएं

## अपना हित



भोला सुबह-सुबह काम की तलाश में घर से निकल चुका था। वह रोज दिहाड़ी मजदूरी करता है। इसी मजदूरी से उसके घर का चूल्हा जलता है। आज भी वह रोज की तरह घर से कुछ दूरी पर बने उस ठिकाने पर आकर खड़ा हो गया, जहां से शहर के लोग दिहाड़ी मजदूर लेकर जाते हैं। भोला यह सोच ही रहा था कि पता नहीं आज काम मिलेगा या नहीं? तभी वहां सफेद कुर्ता-पाजामा पहने एक व्यक्ति आया, भोला से बोला, 'तुम लोग आज के दिन भी मजदूरी करने जा रहे हो। यह तो गलत बात है।' 'क्यों गलत बात है? आज ऐसा क्या है, जो हम मजदूरी नहीं कर सकते हैं?' भोला ने पूछा। 'आज श्रमिक दिवस है। इसे मई दिवस भी कहते हैं। यह तुम जैसे मजदूरों को अपने अधिकारों और हितों को समझने का दिन है। मैं तुम्हारे हित के लिए आया हूं। चलो हमारे साथ सामने वाले पार्क में, वहां एक बड़ी सभा है। एक बड़े नेताजी आ रहे हैं, उनका भाषण है। नेता जी तुम्हारे अधिकारों के बारे में बताएंगे। तुम्हारे हितों की बात करेंगे।' वह व्यक्ति बोला। भोला उस आदमी से बोला, 'अच्छा तो तुम हमारे हित के लिए आए हो। हम मजदूरों का हित तो अपनी मजदूरी करने में है। अगर आज हम काम नहीं करेंगे तो हमारे घर चूल्हा नहीं जलेगा।

हमारे बीवी-बच्चे भूखे रह जाएंगे। नेता जी के भाषणों से हमारे घर का चूल्हा नहीं जलेगा, हमारा पेट नहीं भरेगा। हमें मालूम है, चुनाव आ गए हैं। इस सभा में नेता जी जो बोलेंगे, उसके पीछे हमारा नहीं, उनका हित होगा। इतने सालों में नेता जी हम मजदूरों के हित की बात करने नहीं आए, अब चुनाव के समय उन्हें हमारी सुधि आई है। क्षमा करें श्रीमान जी, हम आपके नेता जी का भाषण सुनने नहीं जा पाएंगे।' यह सुनकर वह व्यक्ति चुपचाप वहां से चला गया। *

– ललित शौर्य

## कच्चे पपीते



सुनो जी, ये इतने ढेर सारे कच्चे पपीते क्यों ले आए? घर में कोई पपीते पसंद नहीं करता। इनका मैं क्या करूं?' पत्नी ने झल्लाते हुए पति से कहा।

'अरे! भाग्यवान इनकी सब्जी बना लो या हलवा बना लो।' पति बोले। 'तुम्हें तो पपीते की सब्जी बिल्कुल पसंद नहीं है, हलवा बच्चे पसंद नहीं करते। मुझे समझ नहीं आया कि जब घर में कोई कच्चा पपीता पसंद नहीं करता तो तुम बेवजह इतने ढेर सारे कच्चे पपीते लेकर ही क्यों आए?' पत्नी और ज्यादा झल्लाकर बोली। 'सच बात बताऊंगा, तुम गुस्सा तो नहीं करोगी? वो क्या है कि सड़क किनारे एक वृद्धा कच्चे पपीते बेच रही थी।

वह किसी महिला से कह रही थी, बहन जी, पपीते ले लो। दो दिन से मेरे घर चूल्हा नहीं जला है। कम दाम में ले लो। किंतु उसका पपीता उसने क्या, किसी ने भी नहीं खरीदा। मुझे उस पर दया आ गई। मैंने उस वृद्धा से पूछा- माता जी, ये पपीते कितने पैसे में देंगी? तो वह बोली-बेटा, जो उचित लगे दे दो। भगवान तुम्हारा भला करेगा। क्या करूं बेटा, बहुत गरीब हूं। घर पर दो-चार पपीते के पेड़ हैं। वही जीने का सहारा हैं। पके पपीते कुछ दिन पहले बेचे थे। उससे दो दिन घर में चूल्हा जला, लेकिन अब पके पपीते नहीं हैं तो कच्चे ही तुड़वा कर लाई हूं ताकि मेरी छोटी सी पोती को खाने को भोजन मिल जाए। वो भी दो दिन से भूखी है। बहू-बेटे दो साल पहले कोरोना में नहीं रहे। तब से जैसे-तैसे गुजारा कर रही हूं। बस मैंने उसके सारे पपीते सौ रुपए में खरीद लिए।' पति ने डरते हुए सारी बात पत्नी से कह दी। यह सुनकर पत्नी भी दुखी होकर बोली, 'ओह! बेचारी गरीब वृद्धा को सौ नहीं दो सौ रुपए दे देना था ताकि वे लोग भरपेट खाना खा पाते।'

पति यह सुनकर पत्नी का मुंह देखते ही रह गए। *

– डॉ. शैल चंद्रा

पुस्तक चर्चा / सरस्वती रमेश

## जीतने की जिद




एक व्यक्ति की आवाज किस तरह उसकी जिंदगी के सारे फैसलों को नियंत्रित कर सकती है। खुशियों के सारे दरवाजे बंद कर सकती है। हीनभावना से भर सकती है। दोस्तों के आगे शर्मिंदा कर सकती है। आत्महत्या तक पहुंचा सकती है, इसका अंदाजा भगवंत अनमोल के उपन्यास 'गेरबाज' को पढ़कर लगा सकते हैं। अपनी बात को समय पर सही ढंग से न बोल पाना भी पीड़ादायक हो सकता है, यह आप इसे पढ़ते हुए महसूस करेंगे। इस किताब में लेखक ने बड़ी सूक्ष्मता से एक हकलाने वाले व्यक्ति की मनोदशा और उसके जीतने की जिद को चित्रित किया है। यह हकलाहट की समस्या पर लिखा गया एक पठनीय उपन्यास है। *

**पुस्तकः** गेरबाज (उपन्यास), **लेखकः** भगवंत अनमोल, **मूल्यः** 299 रुपए, **प्रकाशकः** पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पेंगुइन स्वदेश), गुरुग्राम

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# 60 हजार इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों की अटकी सब्सिडी, 80 करोड़ से ज्यादा भुगतान भी फंसा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ने के लिए सब्सिडी देने की योजना सरकार ने बनाई। साथ ही सब्सिडी देने का दावा भी किया। इससे लोगों ने ईवी वाहनों की खरीदी में रुचि ली। अब 60 हजार से ज्यादा गाड़ी मालिकों को सब्सिडी के लिए विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। भुगतान फंसने की समस्या इन दिनों प्रदेशभर में है। 80 करोड़ से ज्यादा का भुगतान भी वाहन मालिकों का अटका है। इसके लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीदी- बिक्री इतनी बढ़ गई है कि अब परिवहन विभाग को प्रमोशन के लिए सब्सिडी देने के लिए शासन से मिलने वाला बजट भी कम पड़ने लगा है। मामले की विभागिय सूत्रों से जानकारी जुटाने पर पता चला है कि प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों की सब्सिडी भी फंसी हुई है। पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दाम और इन वाहनों से बढ़ने वाले प्रदूषण को कम करने और लोगों को महंगाई से राहत के लिए इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां तो खरीदी, लेकिन सब्सिडी की उम्मीद कम भी टूटने लगी है। ऐसे हालात इसलिए बन रहे, क्योंकि सब्सिडी की आस लगाए लोगों ने पुरानी गाड़ियां तो बदली पर राहत देने के लिए तय राशि विगत 10 महीने से अटकी हुई है। मामले की पड़ताल में पता चला कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के बाद लोगों ने सब्सिडी के लिए दावेदारी शुरु की। इसे देखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने समस्या का समाधान निकालने के लिए एक बार बैठक भी किया है। इसमें प्रदेश के 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों को ई-व्हीकल व वाहनों की खरीदी पर 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक की सब्सिडी नहीं मिल पाई है। राज्य में ई-व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की गई। बजट कम पड़ने से समस्या की वजह बनने लगी है। सब्सिडी वाहन मालिकों के खाते में भेजी जाती है। प्रदेश में आखिरी बार विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने के पहले जुलाई महीने में राशि जारी की गई। विभाग ने भी प्रदेशभर में अब तक 7,656 वाहन मालिकों को 14 करोड़ 29 लाख रुपए का भुगतान किया है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रिक व्हीकल की सब्सिडी देने वर्ष 2022-23 में 15 करोड़ का बजट मिला था। लेकिन एक वर्ष के भीतर प्रदेश में रिकार्ड गाड़ियों की बिक्री हुई। सब्सिडी का यह आंकड़ा बढ़कर 80 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पहुंच गया है। पूर्व सरकार ने ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की है। इसके तहत अधिकतम सब्सिडी वाहनों के मूल्य का 10 प्रतिशत या डेढ़ लाख रुपए की राशि शामिल हैं। इसे गाड़ी मालिकों के खाते में ट्रांसफर करने का प्रावधान हैं। यह नीति अप्रैल 2022 को पांच वर्ष के लिए लागू किया गया है। इसके साथ ही रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देते हुए बैटरी के लिए रिसाइकिल इकोसिस्टम है। सार्वजनिक परिवहनों में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को बढ़ाने ईवी निर्माताओं को प्रोत्साहन देते हुए उद्योग को भी बढ़ावा देने का प्रावधान है।

### बजट मांगने भेजा गया प्रस्ताव

इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री ज्यादा होने से परिवहन विभाग का बजट कम पड़ गया। सब्सिडी देने के लिए बैठक करके लिए गए निर्णय से शासन को अवगत कराया गया है। इसके साथ ही बजट-सत्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

## भगवान परशुराम की महाआरती 12 को, बैठक आज

रायपुर। वर्ल्ड ब्राहमण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से महाआरती की जाएगी। साथ ही भजन और भोजन प्रसाद का भी कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम सत्तीबाजार स्थित अम्बा देवी मंदिर परिसर में 12 मई को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाज के प्रमुखजनों की बैठक होगी। बैठक आनंद समाज वाचनालय सभागार में 28 अप्रैल को शाम 5 बजे रखी गई है। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा और कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा उपस्थित रहेंगे। फेडरेशन के संभागीय सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि इस बैठक में विप्र प्रमुखों से उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझावों, विचारों से अवगत कराने की अपील की है, जिससे महाआरती कार्यक्रम को भव्यता प्रदान किया जा सके।

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल का 1 मई से हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

बोर्ड परीक्षा से पूर्व शिक्षा मण्डल द्वारा विषय विशेषज्ञों से विद्यार्थियों की बात कराई गई थी, इस दौरान प्रदेशभर के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर अपनी समस्याएं साझा कीं। अब बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम कुछ ही दिनों में जारी किया जाएगा, जिससे पहले शिक्षा मण्डल ने हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 18002334363 जारी किया है। दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को तनावमुक्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा टोल फ्री नंबर की घोषणा की गई है। इसकी मदद से परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व ही बच्चे मनोवैज्ञानिक से चर्चा कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों को तनावमुक्त करने में सहयोग

सुबह से लेकर शाम तक तीन पालियों में इसकी व्यवस्था की गई है, जिसमें मनोवैज्ञानिक, कॅरियर काउंसलर और साइकेट्रिस्ट मौजूद रहेंगे। परीक्षा परिणाम के दौरान होने वाले तनाव और समाज के भय से बच्चों में काफी तनाव उत्पन्न हो जाता है, जिससे कई बार बच्चे गलत कदम उठाते हैं। बोर्ड परीक्षा के नतीजे लगभग 10 मई तक घोषित होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार चुनाव के अंतिम चरण का मतदान होने के पश्चात परीक्षा के नतीजे देखने को मिलेंगे।









27- APR- COR- MAIN- Pg- 8 SODKU-R-D-TARKSH_Layout 1 4/27/2024 10:18 PM Page 1



# तरकश

संजय के दीक्षित

## एसपी-आईजी में टकराव!

छत्तीसगढ़ के एक पुलिस रेंज के आईजी और वहां के एसपी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दोनों के बीच रिश्ते इतने तल्ख होते जा रहे कि अब बर्तन की टकराने की आवाजें घर से बाहर सुनाई पड़ने लगी हैं। असल में, एसपी बड़े तेज हैं...हेठा नहीं खाते। पिछली सरकार में बड़े लोगों से भिड़कर कुर्सी गंवा दिए मगर झुके नहीं। उधर, आईजी भी गड़बड़ नहीं मगर कभी बड़े जिले में काम किए नहीं, सो सबआर्डिनेट से काम कैसे लिया जाता है...डिसिजन टेकिंग का भी थोड़ा प्राब्लम है। जाहिर है, दोनों के बीच टकराव बढ़ना ही था। लिहाजा, इगो की लड़ाई इस कदर बढ़ गई है कि थर्ड पार्टी से शिकायतें करवाई जा रही हैं। सिपाही, दरोगा का एक ट्रांसफर कर रहा तो दूसरा उसे निरस्त कर दे रहा। डीजीपी अशोक जुनेजा और खुफिया चीफ अमित कुमार को कुछ करना चाहिए...समझा-बूझा ही दें। वरना, पुलिस के घर की बातें बाहर आए, ये ठीक नहीं।

## सिकरेट्री की पोस्टिंग

सेंट्रल डेपुटेशन से छत्तीसगढ़ लौटे आईएएस सोनमणि बोरा को सरकार ने पोस्टिंग दे दी है। उन्हें आदिम जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। इस विभाग में एमके राउत और आरपी मंडल जैसे अफसर सिकरेट्री रहे हैं। राउत चार साल, सरजियस मिंज तीन साल और डीडी सिंह ने पांच साल इस विभाग को संभाला। मगर सभी के पास अलग से दो-एक विभाग और होते थे। इसलिए, वरना...। आदिम जाति में कुछ है नहीं...क्या खाएं, क्या निचोड़े...ट्राईबल हॉस्टल में पलंग, चादर, बिस्तर खरीदी के अलावा कुछ खास नहीं। जिलों के बजट पर कलेक्टर्स कब्जा जमा लेते हैं। बहरहाल, सोनमणि को सिर्फ आदिम जाति विभाग मिला है इसलिए समझा जाता है कि अगले फेरबदल में कुछ और ऐड होगा। क्योंकि, भारत सरकार में तीन साल काम करके आए अफसर को आदिम जाति में...ये थोड़ा अटपटा लग रहा है। अब सरकार आदिम जाति विभाग में कुछ नया करने के लिए सोनमणि को लाई होगी तो फिर बात अलग है। सोनमणि प्रमख सचिव रैंक के अफसर हैं। इस लेवल पर सिर्फ दो ही अफसर हैं छत्तीसगढ़ में। निहारिका बारिक और खुद सोनमणि।

## ऋचा को हेल्थ?

अगले महीने याने मई फर्स्ट वीक में एसीएस ऋचा शर्मा भी डेपुटेशन से छत्तीसगढ़ लौट रही हैं। ऋचा को हेल्थ दिए जाने की संभावना ज्यादा लग रही है। हेल्थ अभी ऋचा के ही बैचमेट मनोज पिंगुआ के पास है। रेणु पिल्ले के हटने के बाद सरकार ने मनोज को हेल्थ की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। मगर उनके पास गृह, जेल और वन तथा जलवायु परिवर्तन भी है। वे पहले से ओवर लोडेड थे, उसके बाद हेल्थ भी। जाहिर है, किसी भी सिकरेट्री के लिए ये तीनों बड़े विभाग संभव नहीं। वैसे भी, होम और फॉरेस्ट वाले मनोज को छोड़ना नहीं चाहेंगे। क्योंकि, वे जमीन से दो इंच उपर रहने वाले ब्यूरोक्रेट्स नहीं हैं और न ही खामोख्वाह टांग अड़ाते। सो, सभी उनसे कंफर्ट रहते हैं। बहरहाल, हेल्थ विभाग में पहले भी दो महिला अफसर सिकरेट्री रह चुकी हैं। रेणु पिल्ले, निहारिका बारिक। हेल्थ को पटरी पर लाने के लिए ऋर्चा बेस्ट च्वाइस हो सकती हैं। हेल्थ की स्थिति क्या है, ये बताने की जरूरत नहीं। दसेक साल पहले फूड की भी यही स्थिति थी। फूड को ठीक करने का काम ऋचा ने ही किया था। मार्कफेड हालांकि, सहकारिता में आता है मगर नियंत्रण फूड का रहता है। इसमें धान खरीदी और सूखत के नाम पर करोड़ों का वारा न्यारा होता था। ऋचा ने कड़ाई कर 17 परसेंट तक के सूखा को एक परसेंट पर ला दिया था। इसी तरह राईस माफियाओं पर भी अंकुश लगा दी थी। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य महकमे को वॉट लगाने वाले अधिकारियों, डॉक्टरों और मेडिकल माफियाओं को ऋचा जैसे तेज-तर्रार अफसर ही दुरूस्त कर सकता है।

## करोड़ों का खेला

कोविड के दौरान जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त आईसीयू बनाने के लिए भारत सरकार ने करीब एक हजार करोड़ का फंड दिया था। इनमें जिला अस्पतालों में 100 और मेडिकल कालेज अस्पतालों में 150 बेड बनना था। अधिकांश जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों ने आईसीयू बनाया नहीं मगर मोटे कमीशन के चक्कर में लगभग 700 करोड़ का उपकरण खरीद डाला। अब बिल्डिंग बनी नहीं तो करोड़ों के उपकरण का क्या किया जाए...कबाड़ में करोड़ों के उपकरण पड़े हुए हैं। नए मेडिल कालेजों के लिए सरकार ने पैसे सेंक्शन किए हैं, उसके अभी भवन बने नहीं, मगर स्वास्थ्य विभाग के खटराल अधिकारी उपकरणों की खरीदी शुरू कर दिए हैं। मेडिकल माफियाओं ने छत्तीसगढ़ के हेल्थ सिस्टम को खतम कर दिया है...इसके लिए सरकार को एक्सट्रा एफर्ट करना होगा।

## 600 करोड़ का टेंडर कांड

एक हाई प्रोफाइल विभाग में एक आईएएस अफसर बड़ा खेला करना चाहते थे...एक ही बार में दो-तीन पुश्तों का इंतजाम हो जाए। उन्होंने इधर-उधर करके 600 करोड़ का टेंडर जारी कर दिया। अपने लोगों को काम दिलाने अपने होम स्टेट से रिश्तेदारों को भी रायपुर बुला लिया। मगर उपर में इसकी भनक लग गई। और, अफसर को टेंडर निरस्त करना पड़ गया। आचार संहिता के बाद अफसर की छुट्टी हो जाए, तो आश्चर्य नहीं।

## सुंदरी शौकीन अफसर

मंत्रालय के एक अफसर का सुंदरियों का शौक जा नहीं रहा। दरअसल, मौका का फायदा उठाते हुए उन्होंने अपने महकमे में अधिकांश महिलाओं की पोस्टिंग कर लिया है। उनके विभाग के मुलाजिमों की परेशानी यह है कि जब भी साहब के कमरे में जाओ तो कोई-न-कोई अतिसुंदर लेडी मौजूद रहती है। खैर, साहब का ये पुराना शगल है। मध्यप्रदेश के समय रायपुर के पड़ोसी जिले में पोस्टेड थे। वहां एक बड़े होटल में रंगे हाथ एक महिला मुलाजिम के पति ने उन्हें पकड़ लिया था। गुस्से में उसने अफसर की पिटाई भी कर डाली थी। पत्नी की बेवफाई से पति का गुस्सा आप समझ सकते हैं, अफसर को टॉवेल में भागना पड़ा था...छत्तीसगढ़ के पुराने अधिकारी आपको बता देंगे।

## कलेक्टर को फटकार

इसी स्तंभ में कुछ साल पहले एक मंत्री और कलेक्टर के बीच विवाद का जिक्र किया गया था। मामला था मध्यप्रदेश के दौर में बिलासपुर जिले का। बिलासपुर के कलेक्टर होते थे उदय वर्मा, जो बाद में भारत सरकार में कई विभागों के सिकरेट्री रहे। उस समय स्व0 अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे और बिलासपुर से चित्रकांत जायसवाल मंत्री। तारीख और साल याद नहीं, मगर अर्जुन सिंह का बिलासपुर दौरा था। उन्हें रिसीव करने चकरभाटा हवाई पट्टी पर कई मंत्री पहुंचे थे, उनमें चित्रकांत जायसवाल भी थे। और सीएम आएंगे तो कलेक्टर रहेंगे ही। सीएम का प्लेन लैंड करने से पहले किसी बात पर मंत्री जायसवाल कलेक्टर पर भड़क गए। कलेक्टर को यह गवारा नहीं हुआ। उन्होंने कुछ बोला तो नहीं, मगर गाड़ी में बैठ बिना सीएम की अगुवानी किए बिना लौट गए। अर्जुन सिंह मंत्री और कलेक्टर, दोनों की वर्किंग के बारे में जानते थे, इसलिए इस मामले को अनसूना कर दिया। सालों पुरानी घटना इसलिए मौजूं हो गई कि इस महीने के प्रारंभ में सूबे में बड़ी घटना हुई। इस दौरान एक पूर्व मंत्री कलेक्टर पर बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने यहां तक कह डाला कि कार्यसमिति में कलेक्टर के मामले को उठाउंगा। बड़े नेताओं को मालूम होना चाहिए कि कलेक्टर, एसपी सिर्फ अफसर नहीं होते। वे एक संस्थान होते हैं। सो, सार्वजनिक जगहों पर उनके साथ नेताओं के इस तरह के आचरण को वाजिब नहीं ठहराया जा सकता।

## अंत में दो सवाल आपसे


1. कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल होने वाले नेता अब स्थायी तौर पर इसी पार्टी में अपना ठिकाना बना लेंगे या उपयुक्त समय देखकर फिर अपने घर लौट जाएंगे?

2. छत्तीसगढ़ में वोटर खामोश है, इसका मतलब क्या है?

## निजी डेंटिस्टों के पास पीड़ित मरीजों की लग रही भीड़, थोक में निकाले जा रहे

# साफ्ट फूड का कल्चर बढ़ा रही बीमारी, डेंटल कालेज में रोजाना तोड़े जा रहे डेढ़ सौ दांत

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



साफ्ट फूड यानी कम चबाने वाले खाद्य पदार्थों का चलन बढ़ने से दांतों की एक्सरसाइज कम होने लगी है। इसके प्रभाव से दांतों की समस्या बढ़ने लगी है और रोजाना सैकड़ों पीड़ित अस्पतालों में जाकर अपना दांत तुड़वा रहे हैं। शासकीय के साथ निजी डेंटिस्ट के पास भी मरीजों की लग रही भीड़ इसकी संख्या को दो से तीन गुना कर रही है। बदलते खान-पान के साथ दांतों की शुरुआती समस्या पर गंभीरता नहीं दिखाने की वजह से यह परेशानी बढ़ने लगी है।

राज्य के एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज में दांतों की बीमारियों का इलाज कराने नए और पुराने मिलाकर रोजाना पांच सौ के करीब मरीज पहुंचते हैं। विभिन्न तरह की उपचार प्रक्रिया के साथ यहां अंतिम विकल्प के रूप में यहां दांत भी तोड़े जाते हैं। आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं कि केवल डेंटल कालेज में रोजाना औसतन डेढ़ से दो सौ मरीजों के दांत निकाले जाते हैं। कुछ ऐसा ही हाल निजी डेंटिस्टों के पास भी है, जहां इलाज से बीमारी ठीक नहीं होने पर दांत निकाले जाते हैं। चिकित्सकों के अनुसार बदलती जीवनशैली में अब अधिक चबाने वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग कम हुआ है। इसकी वजह से दांत कमजोर होने लगे और उनमें विभिन्न तरह की बीमारियां बढ़ने लगी हैं। इसके अलावा लोग अपने शरीर के अंगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर रहते हैं, मगर दांतों को नजर अंदाज कर देते हैं और परेशानी बढ़ने पर जब अस्पतालों तक पहुंचते हैं तो देर हो चुकी होती है और एकमात्र रास्ता दांत निकालना रह जाता है। दांतों की बढ़ती बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर उपचार सुविधा मुहैया कराई जा रही है। राजधानी के तीन और धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंटल से संबंधित बीमारियों की जांच की जा रही है।

दो स्थानों में उपचार संबंधित प्रारंभिक सुविधाएं मौजूद हैं, जिसे डेंटल कालेज में अनावश्यक दबाव कम करने के लिए बढ़ाने की आवश्यकता है। दांतों की बीमारी के उपचार की सुविधा को कुछ साल पहले स्वास्थ्य सहायता योजना से हटा दिया गया था। शासकीय स्तर पर उपचार को आधुनिक सुविधाओं से लैस किए जाने का इंतजार हैं। महंगा इलाज और दांतों की बढ़ती समस्या की वजह से निजी डेंटिस्ट और क्लीनिक राजधानी समेत प्रदेशभर में बढ़ी संख्या में खुल चुके हैं।

### कहते हैं विशेषज्ञ

शहरी की तुलना में ग्रामीण इलाकों में दांतों को लेकर लोग जागरूक नहीं है। खान-पान में हो रहे बदलाव की वजह से समस्याएं बढ़ रही हैं। शासकीय डेंटल कालेज के माध्यम से मरीजों को आवश्यक उपचार की सुविधा दी जा रही है।

- **डॉ. विरेन्द्र वादेर**, प्राचार्य, शासकीय डेंटल कालेज

00 दांतों से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रारंभिक दौर में होने वाली परेशानियों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। लोग चिकित्सकों के पास अंतिम दौर में पहुंचते हैं, तब दांत निकालने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता।

- **डॉ. दीपेश गुप्ता**, विशेषज्ञ, शा. दंत महाविद्यालय

00 दांतों की सुरक्षा पर गंभीरता नहीं बरती जाती। खान-पान के दौरान भी इस पर ध्यान नहीं दिया जाता। लोग ब्राशिंग करने के दौरान भी नियम का पालन नहीं करते जिसकी वजह से दांत और मसूड़े कमजोर हो जाते हैं।

- **डॉ. मोहित मानिक**, दंत चिकित्सक, यूसीएचसी गुढ़ियारी एवं आयुर्वेद अस्पताल परिसर

# कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों के पीछे असंतुलित मनोदशा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की ताजा टिप्पणी को कांग्रेसियों की असंतुलित मनोदशा, हताशा और कांग्रेस से टिकट कट जाने से उपजी कुंठा का राजनीतिक प्रलाप बताया है। उनका कहना है, प्रधानमंत्री की मानसिक स्थिति को खराब बताने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दरअसल कांग्रेस के तमाम लोगों की मनोदशा को रेखांकित कर रहे हैं, जिसके नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत अपने ही प्रत्याशियों को लठैत बताकर प्रधानमंत्री श्री मोदी का सिर फोड़ने की बात करते हैं, तो कभी कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा कवासी जीतेगा, मोदी मरेगा कहकर अपने राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करते हैं।



श्री देव ने कहा, कांग्रेस ने सनातन संस्कृति, हिन्दुत्व और भगवान राम के प्रति अपनी घृणा का हर कदम पर प्रदर्शन किया है, जिस कांग्रेस ने राममंदिर निर्माण में हर बार रोड़े अटकाकर इस मसले को भटकाने व लटकाने काम किया। श्री देव ने कहा, अंतर्कलह से जूझते कांग्रेस नेताओं में कुछ टिकट काटे जाने की कुंठा और कुछ जबरिया टिकट थोपे जाने से क्षुब्ध होकर हार की हताशा में कब, कहां, क्या और क्यों बोल रहे हैं, उन्हें खुद इसका भान नहीं रह गया है। श्री देव ने कहा कि लोकसभा चुनाव हेतु मतदान के दो चरणों में देश, सहित छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली ऐतिहासिक बढ़त एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा कांग्रेस छोड़े जाने से कांग्रेसी खुद अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। इस बार कांग्रेस का कोई हथकण्डा काम नहीं कर रहा है, इसलिए भी वे ऊलजलूल बयान देकर चुनावी वातावरण को विषाक्त करने में लगे हुए हैं।

# शिवप्रकाश ने पांच लोकसभा के लिए बनाई चुनावी रणनीति

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने दो दिनों तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पांच लोकसभाओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति तैयार की है। अब सभी को तीसरे चरण की सात सीटों पर पूरी ताकत झोंकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ दो चरणों के चुनाव के बारे में भी पूरी जानकारी ली।



लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का संगठन हर स्तर पर काम कर रहा है। एक तरफ जहां लगातार सभाओं का दौर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बैठकों का दौर भी चल रहा है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी यहां पर रूककर बैठक लेकर चुनावी रणनीति बना चुके हैं। अब भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने भी दो दिनों तक पांच लोकसभाओं को लेकर रणनीति बनाने का काम किया है। शनिवार को शिव प्रकाश ने दो चरणों में कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा की सीटों को लेकर कलस्टर प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजकों, सह संयोजकों के साथ बैठक करके उनके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली और हर लोकसभा के लिए रणनीति भी बनाई कि क्या-क्या करना है। इसके पहले शुक्रवार को सरगुजा लोकसभा को लेकर रणनीति बनाई गई थी। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के अलावा धरमलाल कौशिक, अनुराग सिंहदेव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी

# पोस्टल बैलेट से मतदान करने 10296 आवेदन शुरुआत पुलिस और नगर सेना की वोटिंग से

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

### लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस लाइन स्थित मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से वोटिंग शुरू

लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से वोटिंग की शुरुआत शनिवार से हो गई। पहले दिन पुलिस और नगर सेना के कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डाले। इसके लिए राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया गया है। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक यहां वोट डाले गए। रविवार को भी यहां वोटिंग होगी। जिला प्रशासन ने टाउन हॉल को भी मतदाता सुविधा केंद्र बनाया है। इसके बाद पोस्टल बैलेट से टाउनहॉल में वोट डाले जाएंगे। जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि टाउनहॉल में 29, 30, 1, 4 एवं 5 मई को वोट डाले जाएंगे।

**कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट मतदान दलों को किया रवाना**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने सुबह पोस्टल बैलेट मतदान दलों को गुलाब फुल देकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन और टाउन हॉल मतदान केंद्र के लिए भी रवाना किया। यहां पर धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, आरंग, अभनपुर और बलौदाबाजार विधानसभा के पुलिस और नगर सेना के मतदाता मतदान कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, नोडल अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम नंदकुमार चौबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**7671 अधिकारी-कर्मचारी, 2100 पुलिस व नगर सेना के मतदाता**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार चुनाव में पोस्टल बैलेट से चुनाव ड्यूटी में लगे 7671 अधिकारी-कर्मचारी वोट डालेंगे।

इसके अलावा करीब 21 सौ पुलिस व नगर सेना के कर्मचारी है। इनमें पुलिस व नगर सेना मतदाताओं के लिए पुलिस लाइन में तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के लिए टाउन हॉल मतदाता सुविधा केंद्र में वोट डालने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि जो मतदाता पुलिस लाइन में वोट नहीं कर पाएंगे वे टाउनहॉल सुविधा केंद्र में आकर वोट कर सकते हैं।

**525 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता करेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान**

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके तहत जिलेभर में 525 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सहमति दी है। इसके तहत पोस्टल बैलेट मतदान दल अब इन मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराना प्रारंभ कर दिया है।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों ने मंत्री बृजमोहन से की मुलाकात

**रायपुर।** एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी छात्र संगठन ने छत्तीसगढ़ी भाषा के विभिन्न मांगों को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनके निवास में शनिवार को मुलाकात की। इस मौके पर एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया कि मंत्री से छत्तीसगढ़ी भाषा के विभिन्न संदर्भ में मुलाकात की गई, जिसमें भर्ती प्रकिया में छत्तीसगढ़ी का अलग सेटअप तैयार कर एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों को विशुद्ध रूप से लेने, कृषि, संगीत, तबला, कंप्यूटर टीचर की तरह ही डीएड, बीएड, टीईटी में शिथिलता प्रदान करने, राज्य में संचालित 753 आत्मानंद हिंदी माध्यम के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी लागू कर छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारकों की नियुक्ति करने के अलावा सांसद बन जाने के बाद छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल इन सभी बातों को मंत्री के समक्ष रखा गया। सभी मांगों पर मंत्री ने निराकरण करने का संगठन को आश्वस्त दिया। इसी दौरान डिग्रीधारियों ने मंत्री का महाकाल का गमछा और महाकाल का फोटो फ्रेम देकर सम्मान भी किया। मुलाकात करने वालों में विनय बघेल, जिनेंद्र यादव, पूजा परघनिया, राहुल ध्रुव, जितेंद्र महोबिया, अंकित देवांगन आदि मौजूद थे।

## शब्द पहेली - 5495




**बाएँ से दाएं-**

1.ईश्वर, करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1, 2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत, दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन, पगार-3
16.मनोनीत, नामकृत-3
18.बंधक, गिरवी वस्तु-3
20.निशा, रात्री-3
22.वचन, प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य, कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार, फटकार-3
30.हवा, पवन-3
31.झाझर, कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर, भूत-2
40.परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान, खजांची-3
4.पैगंबर, रसूल-2
5.झूठ, मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम, मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा, दोस्त-2
18.मजा, आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः, वापस-2
27.मर्करी, पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त, टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा, विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली - 5494 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5506

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5505 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# तीरंदाजी वर्ल्ड कप: ज्योति की स्वर्णिम हैट्रिक, भारत ने कंपाउंड वर्ग में जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| शंघाई

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन किया। ज्योति ने शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाई। इससे कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक जीते। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरुआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9*-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की जिससे वह तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाद एक विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं।

पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने जून 2021 में पेरिस विश्व कप के तीसरे चरण में यह कारनामा किया था। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी।



## व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता सोना

### महिला टीम ने इटली को 236-225 से हराया

सुबह के सत्र में भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई तथा पुरुष टीम, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा जीतीं। इनमें से दो में ज्योति टीम का हिस्सा रहीं। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236-225 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला।



### अभिषेक, प्रियांश, प्रथमेश की शानदार जीत

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।






### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1354 चौके
805 छक्के

## आईपीएल: कैपिटल्स की प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत

# मैकगुर्क ने 27 गेंद में ठोके 84 रन दिल्ली की मुंबई पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े। जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी।

पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवे स्थान पर है। दिल्ली को आस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। इससे पहले उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम पर ही 15 गेंद में अर्धशतक बनाया था। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए।





### तिलक की फिफ्टी

मुंबई से तिलक वर्मा ने 63, हार्दिक पंड्या ने 46 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 26 और ईशान किशान 20 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली से रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3-3 विकेट लिए। 2 सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

### आखिरी ओवर में नहीं बने 25 रन

*मुंबई इंडियंस को आखिरी ओवर में जीत के लिए 25 रन चाहिए थे। पहली बॉल पर तिलक वर्मा 2 रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। दूसरी बॉल पर 2 रन बने, तीसरी बॉल पर ल्यूक वुड ने छक्का लगा दिया। चौथी बॉल पर एक रन बना, पांचवीं बॉल पर पीयूष चावला ने चौका लगाया। आखिरी बॉल पर 11 रन चाहिए थे लेकिन चावला लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए।*

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11 | 6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3 | 1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0 | 5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2 | 2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6 | 2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 06 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 257/4
गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4 | 0 |
| रोहित का होप बो खलील | 08 | 08 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3 | 2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4 | 4 |
| पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4 | 3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 04 | 02 | 1 | 0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2 | 3 |
| नबी का होप बो सलाम | 07 | 04 | 0 | 1 |
| चावला का होप बो मुकेश | 10 | 04 | 1 | 1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 09 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 20 ओवर में 247/9
गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3.

### खास खबर

## ओलंपिक ट्रायल : चीमा, ईशा, दिव्यांश और इलावेनिल जीते



**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह चीमा, ईशा सिंह, दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वलरिवान ने शनिवार को यहां राइफल/पिस्टल में ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो के आखिरी दिन अपनी-अपनी स्पर्धाएं जीतीं। चीमा ने दिन का पहला फाइनल (टी2 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल) जीता, उसके बाद टी2 में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ईशा ने जीता। दिव्यांश ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीता और एलावेनिल ने क्लिफ-हैंगर में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल का फाइनल जीता। ओएसटी के लिए क्वालीफाई करने वाले 37 निशानेबाजों में से अभी किसी का भी ओलंपिक टिकट पक्का नहीं है क्योंकि सभी निशानेबाजों को अगले महीने भोपाल में होने वाले अंतिम दो ट्रायल में भाग लेना है। चीमा ने फाइनल में 244.6 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। रविंद्र ट्रायल में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और 242.4 के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वरुण तोमर तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की एयर पिस्टल में ईशा ने रिदम से 3.1 अंक आगे रहकर 244.9 के अंतिम स्कोर के साथ जीत दर्ज की। पलक तीसरे जबकि सुरभि राव और मनु भाकर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।

### सेंथिलकुमार ने अंतिम चार में बनाई जगह



नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी।

### खबर संक्षेप



#### बल्लेबाजों से निपटने तरीके इजाद करें गेंदबाज

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच रेयान टेन डोशचेट का मानना है कि मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में विस्फोटक बल्लेबाजों को चुनौती देने के लिए गेंदबाजों को नए तरीके इजाद की जरूरत है। डोशचेट ने कहा, '10 साल पहले की तुलना की जाए तो यह खेल पूरी तरह से बदल गया है। आपको बल्लेबाजों को 'ऑफ गार्ड' करने की जरूरत होगी जैसा कि सैम करन ने फिल साल्ट को आउट करके किया। गेंदबाजों को नए तरीके इजाद करने होंगे। हर गेंद को बदल बदल कर डालना होगा। आप दो गेंद एक तरह की नहीं फेंक सकते।'

#### वनडे श्रृंखला की सफलता से प्रेरणा लेने की योजना

**सिलहट।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने कहा कि रविवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रही महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के लिए वे पिछले साल मेहमान टीम के खिलाफ वनडे श्रृंखला की सफलता से प्रेरणा लेना चाहेंगे। बांग्लादेश की महिला टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी जिसके सभी मैच यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।

## उबेर कप : चालिहा ने किया उलटफेर भारत ने कनाडा को 4-1 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| चेंगडू



अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की।

रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24, 24-22 से मात दी। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे बाद राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की।

### राजस्थान ने लखनऊ को सात विकेट से हराया, सैमसन-जुरेल की नाबाद फिफ्टी

**लखनऊ।** कप्तान संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल की शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी खेल के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को सात विकेट से हराया। राजस्थान की यह नौ मैचों में आठवीं जीत है। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान केएल राहुल और दीपक हुड्डा के अर्धशतकों से 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में राजस्थान ने सैमसन (71* रन) और जुरेल (52* रन) के बीच चौथे विकेट के लिए हुई शतकीय साझेदारी से एक ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**पावर कारों के ट्रिप रखरखाव हेतु ई–निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. सीनियर डी.ई.ई. (आर.एस.&जी.) बीएसपी/ओटीपी/24–25–01. दिनांक 23.04.2024.

**कार्य का नाम :** पावर कारों के डीए सेट का संचालन और ईओजी पावर कारों की मैनिंग जिसमें 03 वर्षों के लिए द.पू.म. रेलवे के कोचिंग डिपो बिलासपुर में पावर कारों के ट्रिप रखरखाव शामिल है।
**निविदा मूल्य : ₹ 4,64,73,021/-। अमानत राशि : ₹ 3,82,400/- । निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक **15.05.2024, 15:00** बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण्ण निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजी. (RS&G)
सीपीआर/10/36 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**SURYA PRAKASH MEMORIAL PUBLIC SCHOOL(EST. 2008)**
SANAWAL, DIST. BALRAMPUR-RAMANUJGANJ (C.G)
(Affiliated to C.G Board)

**WALK-IN-INTERVIEW FOR TGT & PGT**

| S.N | Post | Qualification |
|---|---|---|
| | PGT & TGT CLASS 9TH TO 12TH | |
| 1 | English/Physics/Chemistry/ Maths/ Social Science | M.A/M.com/M.Sc with B.Ed |
| 2 | Computer Science | B.Sc Computer Science/ BCA or equivalent degree |
| 3 | Music Teacher | Bachelor Degree or Diploma in Music or equivalent degree. |
| 4 | Sports Teacher | B.PED /M.PED or equivalent degree |
| | Administration | |
| 5 | Librarian | Degree in Library Science or equivalent degree |
| 6 | Lab Instructor | 10th/12th Class pass with a certificate/Diploma in Laboratory technique |
| 7 | Office Clerk | Graduate and Diploma in Computer Application |
| 8 | Security Guard/ Sweeper/Gardner | 10th /12th |

Teaching staff proficiency in English is compulsory, perusing B.Ed can also apply.Minimum 03 years of Experience. Interested candidates can attend **Walk-in- Interview on 11-5-2024, Saturday at School Campus at 11-30 AM** with passport size photographs, photocopy of self-attested mark-sheet along with all Originals Certificates.
Email : spmphs2008@gmail.com, Phone: 9617770543, 9827979297


## हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी चेन्नई

**चेन्नई।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं।

### आरसीबी के खिलाफ टाइटन्स की निगाहें सुधार करने पर

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।


**जैन चुस्की चाय के 10रु. वाले 1 पैक से बनायें 25 कप कड़क चाय**




भारतवर्ष के सभी प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध
JAIN TRADERS For Trade Inquiry 94242-05071
www.chuskitea.com
डुप्लिकेट से सावधान जैन चुस्की ट्रेडमार्क देखकर ही खरीदें


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 सनत कुमार कौशिक, रामायण चौक चांटीडीह 2 प्रकाश मोटवानी, कृष्णा नगर जूना बिलासपुर 3 कु. रत्ना साहू, खपरगंज लाजपत रायनगर 4 श्री प्रेमलाल देवांगन, चिंगराजपारा कुदरूबाड़ी 5 रामशरण चौहान, चिंगराजपारा गंधर्व 6 शत्रुहन कौशिक , परसदा वार्ड - 09 7 महेन्द्र कुमार यादव, आई/10, सिंचाई कालोनी कुदुदण्ड 8 शांति बी लाल देवी नगर जरहाभाठा 9 चन्द्रसेन देवांगन, 46/6 हाईकोर्ट कालोनी चकरभाठा 10 छोटेलाल साहू, साहू किराना स्टोर सकरी 11 हर्षिता सूर्यवंशी, सम्बलपुरी सकरी 12 आशीष राठौर, ईदगाह चौक पुलिस लाईन 13 सन्नी छाबड़ा सोनू, सिरगिट्टी मरीमाई 14 आशय जैन, भारतीय नगर 15 रमेश कुमार कश्यप , समेरताल , व्हाया कोनी 16 धनेश्वररजक सतबहनिया मंदिर बंधवापारा 17 लक्ष्मण दास हरजानी, गोडपारा सिंधी मोहल्ला 18 आदित्य कुमार देवांगन ,चांटीडीह रपटा चौक 19 डिम्पल देवांगन, चांटीडीह रपटा चौक 20 टी.कृष्णा वेणी, सांईधाम कालोनी ए- 3, तोरवा 21 सरस्वती देवांगन, राजकिशोर नगर बिलासपुर 22 छवि यादव, आशाबन बिरकोना 23 नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीपत एन.टी.पी.सी. , इमलीपारा सीपत 24 कु रीतिका गुप्ता, वार्ड 44/59, संजय नगर चांटीडीह 25 प्रशांत कश्यप , अशोक नगर सरकण्डा 26 निमेष सालुके विनोबा नगर 27 राजू यादव, पुराना पावर हाउस तोरवा **बिलासपुर आउटर** 1 सुदामा गुप्ता, स्कूल पारा धनिया डोली लोरमी 2 कमल कोठारी, कोठारी मेडिकल स्टोर मुंगेली 3 यशरात्रे , 074 सरपंचपारा रोहरा खुर्द मुंगेली 4 संजय कुमार जायसवाल, जनकपुर रोड तखतपुर 5 अब्दुल जब्बार, तखतपुर **अंबिकापुर** 1 श्रीमति संजुला श्रीवास्तव, बौरीपारा अंबिकापुर 2 मकरपुउ अहमद, सदर रोड बरेजपारा 3 श्रीमति सोनू कन्नौजिया पुलिस लाइन, बौरीपारा अंबिकापुर 4 राजीव प्रसाद सिन्हा, कला निवास गोधनपुर अंबिकापुर 5 मीनू मिद्या, चोपाटी अंबिकापुर **जांजगीर** 1 पी.एस. यादव , लिंक रोड जांजगीर 2 अरविंद कुमार कश्यप , चोरभट्ठी किरारी 3 मुकेश कुमार पाण्डेय आर्या रेसीडेंसी जांजगीर 4 रमाकांत साव, समृद्धि वाटिका पालिटेकिनिस कालेज रोड जांजगीर **कोरबा** 1 शांति बाई, नेहरू नगर बाल्को कोरबा 2 राकेश साहू, बेलाकछार बाल्को 3 कौशल प्रसाद सिंह, रिंग रोड गेट - 2 बाल्को 4 राजेन्द्र कुमार नामदेव से. 3/397/बी/ बाल्को नगर 5 अवधेश कुमार यादव , परसाभाठा बाल्को नगर 6 रेखा साहू, बेलाकछार बाल्को **रायगढ़** 1 सुनीता विश्वास , पंजरी प्लाट चक्रधर नगर 2 शैलेष कुमार पटेल, दरोगापारा पटेलपारा , रायगढ़ 3 पंचराम बरेठ, पटेलपाली रायगढ़

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

## बड़ी तैयारी : 1000 साल पुरानी प्रॉपर्टी में होंगे फंक्शन, अरबों में है कीमत

# लंदन के 529 करोड़ के होटल में होगी अनंत-राधिका की शादी

*अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को लेकर पिछले करीब दो-तीन महीने से हर जगह चर्चा हो रही है। शादी से पहले प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन देशभर के अखबारों, डिजिटल मीडिया और टीवी न्यूज की सुर्खियों में रहा। खबरों के मुताबिक, मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई 2024 को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अंबानी परिवार की इस शादी के फंक्शन लंदन में 300 एकड़ बड़ी एक प्रॉपर्टी में आयोजित किए जाएंगे। इस शादी में अंबानी परिवार के करीबी और बॉलीवुड के कुछ सितारों के लिए इनवाइट भी भेजे जाने शुरू हो गए हैं।*

### जब मुकेश अंबानी ने पानी की तरह बहाया पैसा

*1 से 3 मार्च के बीच गुजरात के जामनगर में देश-दुनिया के सेलिब्रिटीज का मजमा लगा। तीन दिन चली इस बेहद महंगी और खर्चीली सेरेमनी में फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ, बॉलीवुड के बड़े सितारे और पॉप्युलर क्रिकेटर शामिल हुए। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि नीता और मुकेश अंबानी के बेटे की प्री-वेडिंग सेरेमनी में 120 मिलियन डॉलर (करीब 1260 करोड़ रुपए) का खर्च आया था। इस इवेंट में दुनियभर के कलाकारों ने परफॉर्म किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्लोबल स्टार रिहाना ने अपनी परफॉर्मेंस के लिए 60-70 करोड़ रुपए चार्ज किया। खबर है कि अनंत अंबानी और राधिका*





### 3 दिन चलेगा जश्न

*मुकेश और नीता अंबानी के लाडले बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग की धूम तो आपने देखी ही है। इसमें कई सारे सितारों ने हिस्सा लिया था। अंबानी परिवार के फंक्शन में बॉलीवुड, हॉलीवुड और बिजनेस वर्ल्ड की कई जानी मानी हस्तियां शामिल हुई थीं. ऐसे में अब दोनों की शादी होने वाले वाली है और आने वाले जुलाई के महीने में ये हमेशा के लिए एक दूजे के हो जाएंगे। जहां अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन गुजरात के जामनगर में हुआ था, वहीं अब शादी को लेकर खबरें हैं कि वो भारत से दूर लंदन में होगा. अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का फंक्शन प्री-वेडिंग से भी धमाकेदार और ग्रैंड होने वाला है. रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के वेडिंग फंक्शन लंदन के स्टोक पार्क एस्टेट में आयोजित किए जाने वाले हैं। फंक्शन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नीता अंबानी बेटे के इस फंक्शन की एक-एक चीज पर खुद नजर रख रही हैं।*

### विदेशों में हैं मुकेश अंबानी की महंगी प्रॉपर्टीज

साल 1066 में बने स्टोक पार्क को अब एक लग्जरी होटल में बदल दिया गया है। इस होटल में 49 आलीशान कमरे हैं। इसके अलावा इसमें एक बड़ी जिम, फिटनेस सेंटर, इनडोर और आउटडोर पूल, मल्टी-कुज़ीन रेस्तरां, मल्टीपल टेनिस कोर्ट और गोल्फ कोर्स भी है। स्टोक पार्क में नेटफ्लिक्स सीरीज- द क्राउन की भी शूटिंग हुई है। बकिंघमशायर का यह होटल 300 एकड़ में फैला है और मुकेश अंबानी इसके मालिक हैं। इस प्रॉपर्टी को उन्होंने 2021 में करीब 592 करोड़ रुपए में खरीदा था। यहां दो जेम्स बॉन्ड मूवीज गोल्डफिंगर और टोमोरोव लेवर दिस (1997) की शूटिंग हो चुकी है।

### 300 एकड़ में फैला है आलीशान होटल

रिपोर्ट के मुताबिक अंबानी परिवार ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के लिए लंदन में एक खास वेन्यू चुना है। रिपोर्ट के मुताबिक अनंत और राधिका का वेडिंग फंक्शन लंदन के स्टोक पार्क एस्टेट में होने वाली है। 300 एकड़ में फैले इस आलीशान होटल को साल 1066 में बनाया गया था, जिसे 1760 में बढ़ाया गया. इस होटल में 49 लग्जरी रूम्स, झीलें, गार्डन, मॉन्यूमेंट्स, स्पा, क्लब हाउस, रेस्टोरेंट, जिम फिटनेस सेंटर, टेनिस कोर्ट , गोल्फ कोर्स समेत तमाम सुविधाएं मौजूद है। ब्रिटेन के सबसे महंगी प्रॉपर्टीज में ये शामिल हैं।

# पानी के नीचे बना होटल मछलियों के बीच सोते हैं मेहमान

### 1 रात की कीमत जानकर चकरा जाएगा दिमाग!



**तंजानिया।** इंसान जमीन पर चलता है, उसके ऊपर बने घरों पर रहता है परंतु पानी के नीचे रहने के अनुभव को कैसे महसूस किया जा सकता है? उसके लिए तो आपको पनडुब्बी में रही रहना पड़ेगा। पर वो हर किसी के लिए मुमकिन नहीं है। हालांकि, अब पानी के नीचे रहने का सपना एक होटल ने सच कर दिया है। तंजानिया में पानी के नीचे एक अनोखा होटल बना है, जिसकी खिड़कियों से मछलियां तैरती हुई नजर आती हैं। ऐसे में लोग मछलियों के बीच सोने का लुत्फ उठा सकते हैं। पर यहां रहना इतना महंगा है, कि 1 रात की कीमत जानकर आपका दिमाग चकरा जाएगा।

**तंजानिया के जांजीबार में है मांटा रिजॉर्ट :** न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार तंजानिया के जांजीबार में मांटा रिजॉर्ट लोगों को पानी के नीचे रात गुजारने का अनोखा अनुभव दे रहा है। यहां पर बहुत से टूरिस्ट आते हैं जो यहां के सफेद बीच का आनंद उठाते हैं। इस रिजॉर्ट में एक कमरा ऐसा भी है, जो पानी के नीचे बना है। इसमें एक बेडरूम है, जिसमें चारों ओर खिड़कियां बनी हुई हैं। इन खिड़कियों से मछलियां, कोरल, और स्किड आदि भी नजर आ जाते हैं।

### एक रात का किराया 90 हजार रुपये

आपको बता दें कि अंडरवॉटर रूम में रहने के लिए आपको 1 रात में 90 हजार रुपये तक खर्च करना पड़ेगा। एक कमरे में दो लोग रह सकते हैं। रिजॉर्ट में कम से कम 3 दिन की ही बुकिंग होती है। पेंबा आइलैंड पर बने इस रिजॉर्ट पर रुकने के लिए आपको अतिरिक्त 3,700 रुपये चुकाने पड़ेंगे जो इंपैक्ट कॉन्ट्रिब्यूशन डोनेशन के रूप में लिया जाता है। ये आसपास की साफ-सफाई और वहां के लोकल लोगों पर खर्च करने के लिए ये रुपये चार्ज किया जाता है।

### लोगों को मिलेगा 360 डिग्री व्यू

इस रिजॉर्ट में आपको अन्य कमरे भी मिलेंगे, जो पानी के नीचे नहीं हैं पर पानी के नीचे वाले कमरे में ज्यादा खिड़कियां होने की वजह से 360 डिग्री व्यू मिलेगा, जिसके जरिए लोग अंदर की चीजों को आसानी से देख सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रिजॉर्ट को स्वीडन के इंजीनियरों की मदद से बनाया गया है। ये तीन स्तर में बना है। पानी के नीचे वाले कमरों को ऊपर, यानी पानी से बाहर निकलकर लाउंज और बाथरूम आदि की भी सुविधा है।




## 200 करोड़ रुपये से शुरू हुई चित्र की नीलामी

# एक सदी से लापता चित्रकार गुस्ताव की बनाई गई पेंटिंग 250 करोड़ में हुई नीलाम

दुनिया में मशहूर चित्रकारों की बनाई गई पेंटिंग लोग बड़े शौक से खरीदते हैं। इसी कड़ी में अब ऑस्ट्रेलिया के चित्रकार गुस्ताव क्लिम्ट द्वारा बनाई गई पेंटिंग लगभग 250 करोड़ रुपये में नीलाम हुई है। इस पेंटिंग का शीर्षक 'फ्राउलिन लिसर का पोर्ट्रेट' है, जो करीब एक सदी से लापता थी।


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माना जा रहा है कि यह क्लिम्ट का बनाया हुआ आखरी चित्र था। इन दिनों यह चित्र दुनियाभर के कला प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। बता दें कि क्लिम्ट के निधन के बाद भी उनके स्टूडियो में मौजूद थी पेंटिंग।

क्लिम्ट द्वारा बनाई गई इस ऐतिहासिक पेंटिंग की नीलामी 3.2 करोड़ डॉलर (लगभग 250 करोड़ रुपये) से शुरू हुई थी। यह राशि पहले की अनुमानित रकम के मुकाबले काफी कम थी, जो 260 करोड़ रुपये से 400 करोड़ रुपये के बीच तक थी। क्लिम्ट की 'लेडी विद ए फैन' नामक एक अन्य पेंटिंग की तुलना में इसका मूल्य काफी कम है, जो पिछले साल लंदन में 8,900 करोड़ रुपये में बिकी थी।

### कई सालों से लापता था यह चित्र

क्लिम्ट की इस पेंटिंग को कई सालों से लापता माना जा रहा था, जिसे ऑस्ट्रिया के एक नागरिक के निजी संग्रह में पाया गया। वियना स्थित नीलामी घर 'इम किन्स्की' ने बिक्री से पहले अपनी वेबसाइट पर एक बयान के जरिए चित्र के दोबारा मिलने के बारे में जानकारी दी थी। इस कलाकृति को क्लिम्ट के काम के कैटलॉग में दर्ज किया गया था, लेकिन इसे लोगों ने केवल काले और सफेद रंग में देखा था।



### अब तक नहीं हो सकी चित्र की सटीक पहचान


क्लिम्ट ने चित्र की प्रेरणा एक धनी ऑस्ट्रियाई यहूदी परिवार से ली थी, जो वियना के उच्च समाज का हिस्सा था। यह पेंटिंग मार्गरेट कॉन्स्टेंस नामक एक किशोरी की हो सकती है, जिसे उसके पिता एडॉल्फ लेसर ने बनवाया था। हालांकि, कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि जस्टस नामक व्यक्ति की पत्नी लिली ने अपनी एक बेटी की तस्वीर बनाने के लिए क्लिम्ट को काम पर रखा था। अब तक चित्र की सटीक पहचान नहीं की जा सकी है।

### उनके स्टूडियो में मौजूद थी पेंटिंग

नीलामी घर के अनुसार, चित्र में मौजूद किशोरी ने अप्रैल और मई 1917 में 9 बार क्लिम्ट के स्टूडियो का दौरा किया। उस साल मई में यह पेंटिंग शुरू करने से पहले क्लिम्ट ने कम से कम 25 प्रारंभिक अध्ययन किए थे। फरवरी 1918 में क्लिम्ट के निधन के बाद भी यह पेंटिंग उनके स्टूडियो में कुछ हद तक अधूरी रखी हुई थी, जिसे लिसर परिवार को सौंप दिया गया था।

### अपने गुमनाम ऑस्ट्रियाई मालिक की ओर से बेची गई पेंटिंग

पेंटिंग को उसके गुमनाम ऑस्ट्रियाई मालिक और एडॉल्फ और हेनरीट लेसर के कानूनी उत्तराधिकारियों की तरफ से बेचा गया था, जो 1998 के वाशिंगटन सिद्धांतों के अनुरूप था। इन सिद्धांतों को नाजी द्वारा जब्त की गई कलाओं को उनके सही मालिकों को वापस करने के लिए स्थापित किया गया था। नीलामी घर में आधुनिक कला के विशेषज्ञ क्लाउडिया मोर्थ-गैसर ने कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रिया में सभी संभव तरीकों से इस पेंटिंग के इतिहास की जांच की थी।




## बनाया दुनिया का सबसे छोटा 'मानवीय रोबोट', अपने नाम किया विश्व रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** जापान की नागोया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर छात्र तात्सुहिको मित्सुया ने दुनिया का सबसे छोटा ह्यूमनॉइड (मानवीय) रोबोट बनाकर गिनीज बुक का खिताब अपने नाम कर लिया है। बता दें कि ह्यूमनॉइड रोबोट दिखने में मानव शरीर जैसा लगता है। तात्सुहिको के विश्व रिकॉर्ड वाले रोबोट की ऊंचाई महज 57.676 मिमी. (2.27 इंच) है, जो पिछले रिकॉर्ड धारक के ह्यूमनॉइड रोबोट से काफी कम है। पिछले साल दक्षिण कोरिया के डेजियॉन स्थित कोरिया एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में डायनेमिक रोबोट कंट्रोल एंड डिजाइन लेबोरेटरी ने हाउंड नामक 4 पैरों वाला एक रोबोट बनाया था। इस रोबोट ने दिसंबर, 2023 में 100 मीटर की दौड़ में सबसे तेज दौड़ने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। हाउंड ने 18.12 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से 19.87 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की थी जब तात्सुहिको ने विश्वविद्यालय में प्रवेश किया तो उन्होंने दोबारा से रोबोट बनाना शुरू कर दिया, फिर छात्र ने एक समाचार लेख देखा।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com